

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 264 | ग्वालियर, रविवार 27 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8



## न्यूज़ ट्रैक

### होटल में शराब पीने से मना किया तो पुलिस ने रात भर पेड़ से बांधकर पीटा, सुबह शांतिभंग में किया चालान



**हाथरस।** यूपी के हाथरस जिले की जरेरा पुलिस चौकी के एक एसआई व तीन कांस्टेबल पर होटल में शराब पीने से मना करने होटल संचालक से मारपीट का आरोप लगा है। मामला और गंभीर तब हो गया जब पीड़ित ने आरोप जड़ा कि पुलिसवालों ने रात भर से चौकी में पेड़ से बांधकर पीटा, सुबह शांतिभंग में चालान कर दिया। एसपी ने सीओ सिकंदराराऊ को जांच सौंपी है। जनपद की सीमा के निकट एटा जनपद की कोतवाली जलेसर का गांव सकरा है। यहां हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंकुरी के रहने वाले सतीश होटल चलाते हैं। सतीश ने पुलिस अधीक्षक विक्रांतवीर को लिखित शिकायत दी है। कहा है कि 23 सितंबर बुधवार को जरैरा चौकी पर तैनात एसआई होटल पर खाना खाने के दौरान शराब पीने लगे। मना किया तो रौब दिखाते हुए गाली गलौज मारपीट कर दी। बचाव को आए दुकानदारों के साथ भी पुलिस कर्मियों ने गाली गलौज मारपीट की। सतीश का आरोप है कि पुलिस कर्मी मारपीट करते हुए उसे ले गए। जरेरा चौकी पर पेड़ से बांधकर रातभर पिटाई में वह कई बार बेहोश भी हो गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसे शराब पीकर गाली गलौज करते हुए दिखाया और शांति भंग के तहत फर्जी रूप से गिरफ्तार कर लिया। सतीश ने बताया कि एसडीएम न्यायालय से उसने जमानत कराई। पुलिस अधीक्षक ने सतीश की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच सीओ सिकंदराराऊ को सौंप दी है। सीओ सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि जरैरा चौकी पर तैनात एसआई व तीन कांस्टेबलों के खिलाफ मारपीट व झूठे मामले में फंसाने की शिकायत की गई है। शिकायत की जांच कर एसपी को वह रिपोर्ट सौंपेंगे।

### गुरुग्राम: कोरोना काल में बेटियों की जन्मदर गिरकर 906 पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ीं



**गुरुग्राम।** कोरोना काल में अर्थव्यवस्था के साथ हरियाणा में लिंगानुपात की स्थिति भी खराब हुई है। गुरुग्राम जिले में यह लगातार घट रहा है। बीते छह महीने में इसमें बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। मार्च में यह आंकड़ा 940 था, जो अगस्त में घटकर 906 पर पहुंच गया। लिंगानुपात में आई इस गिरावट ने स्वास्थ्य विभाग को भी चिंता में डाल दिया है। प्रदेश व राज्य में बेटियों के प्रति बदली सोच ने बीते तीन वर्षों में लिंगानुपात को बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। नजीतजन साल 2017 के मुकाबले 2019 तक जिले में बेटियों की जन्म दर के अनुपात में काफी सुधार आया। 2020 की बात करें तो साल की शुरुआत अच्छी रही। जनवरी में लिंगानुपात 924 रहा। फरवरी और मार्च में ये बढ़कर 940 पर भी पहुंच गया था, लेकिन इसी दौरान कोरोना संकट का दौर भी शुरू हो गया। लोगों की सेहत बिगड़ने के साथ ही लिंगानुपात की स्थिति भी बिगड़ने लगी। जिले का स्वास्थ्य विभाग इसे बढ़ाने के लिए अब जद्दोजहद में लगा है।

**पंजीकरण न होना भी कारण**–सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव का कहना है कि मार्च से जून तक लॉकडाउन के कारण निगम और स्वास्थ्य विभाग में जनता से जुड़े काम बंद थे। इस अवधि में जिन बच्चों ने जन्म लिया उनका पंजीकरण पूरा नहीं हो पाया था। जुलाई में इस काम ने दोबारा रफ्तार पकड़नी शुरू की थी। ऐसे में आगे इस आंकड़े में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### तीर्थ पुरोहित के मकान में बनाया अश्लील वीडियो, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज, जांच शुरू

**प्रयागराज।** प्रयागराज एक तीर्थ पुरोहित के बंद पड़े मकान में पोर्न वीडियो बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में कैद कर अश्लील वीडियो की जानकारी मिलने के बाद तीर्थ पुरोहित ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। आईजी के आदेश के बाद दारागंज पुलिस संदिग्ध पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। इसकी शिकायत करने पुलिस ने पहले ही सीसीटीवी फुटेज व अन्य संबंधित सामान कब्जे में ले लिया था। दारागंज के रहने वाले तीर्थ पुरोहित दीपू मिश्रा संगम नोज पर भी वीआईपी के आने पर भी पूजा पाठ कर आते हैं। उन्होंने दारागंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि 10 जुलाई 2019 को अपने मकान में ताला बंद करके बैजनाथ धाम गए थे। उनके मकान को लेकर कुछ विवाद भी चल रहा है। आरोप है कि उनके न रहने पर उनके मकान का दुरुपयोग किया गया। बाहर से लड़के और लड़कियों को बुलाकर उनके घर के अंदर पोर्न फिल्म शूट किया गया। इसके बाद इसकी सीडी बनाकर वायरल हुआ। उन्होंने अपने घर में सुरक्षा के मद्देनजर चारों तरफ से सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया था। कमरों में भी कैमरा लगा था। उनके लौटने के बाद पड़ोसियों की मदद से पता चला कि कुछ पोर्न वीडियो वायरल है जिसमें उनके घर का नजारा दिख रहा है। जब उन्होंने देखा तो उनके होश उड़ गए । सीसीटीवी फुटेज में भी सब कुछ साफ साफ नजर आ रहा था। दीपू पंडा ने दारागंज पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने जांच के बहाने डीवीआर कब्जे में ले लिया लेकिन उस मुकदमा दर्ज नहीं किया। इंसाफ पाने के लिए दीपू पंडा ने पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई । उन्होंने आई जी को ट्वीट भी किया था।

**पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से चीन पर साधा निशाना**

# विकास साझेदारी के नाम पर साथी देशों को मजबूर नहीं करता भारत

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र को संबोधित किया। कोरोना महामारी के चलते वर्चुअल तरीके से सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ संयुक्त राष्ट्र के स्वरूप में बदलाव की मांग जोरदार ढंग से उठाई तो दूसरी तरफ आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान और विकास के नाम पर साथी देशों कर्जजाल में फंसाने वाले चीन पर भी नाम लिए बिना इशारों में निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया को अपना परिवार मानता है और मानवता के लिए काम कर रहा है। पीएम ने कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ जंग में भारत के योगदान का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियों और नाकामियों का जिक्र करते हुए कहा कि, कहने को तो ठीक है कि तीसरा विश्वयुद्ध नहीं हुआ। लेकिन इस बात को नहीं नकार सकते कि अनेक युद्ध हुए, गृहयुद्ध हुए। कितने ही आतंकी हमलों ने विश्व को थर्रा दिया। खून की नदियां बहती रहीं। इन हमलों में जो मारे गए वे भी हमारी और आपकी तरह इंसान ही थे। वे लाखों बच्चे जिन्हें दुनिया में छा जाना था वे दुनिया छोड़कर चले गए। कितने ही लोगों को अपने जीवनभर की पूंजी गंवानी पड़ी। उस समय और आज भी संयुक्त राष्ट्र के प्रयास क्या प्रर्याप्त थे? पिछले 8-9 महीने से पूरा विश्व कोरोना महामारी से संघर्ष कर रहा है। इस महामारी से निपटने में संयुक्त राष्ट्र कहां है? संयुक्त राष्ट्र के स्वरूप में बदलाव आज समय की मांग है।



पीएम ने चीन पर निशाना साधते हुए कहा, भारत जब किसी से दोस्ती का हाथ बढ़ाता है तो किसी तीसरे के खिलाफ नहीं होती। भारत जब विकास की साझेदारी मजबूत करता है तो उसके पीछे किसी साथी देश को मजबूर करने की सोच नहीं होती है।। हम अपनी विकास यात्रा से मिले अनुभव को साझा करने में कभी पीछे नहीं रहे। माना जा रहा है कि पीएम का इशारा चीन की कर्जजाल नीति की ओर था, जिसके तहत उसने कई छोटे देशों पर पहले कर्ज लाद दिया और फिर उन्हें अपनी शर्तें मानने के लिए मजबूर कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि महामारी के इस मुश्किल समय में भारत ने 150 देशों को जरूरी दवाएं भेजी हैं। विश्व के सबसे बड़े वैक्सीन उत्पादक देश के तौर पर मैं वैश्विक समुदाय को आश्वासन देना चाहता हूं कि भारत की वैक्सीन उत्पादन क्षमता मानवता को इस संकट से बाहर निकालने में काम आएगी। हम भारत और अपने पड़ोस में फेज 3 क्लिनिकल ट्रायल की ओर बढ़ रहे हैं। वैक्सीन डिलिवरी के लिए कोल्ड चेन बनाने में भारत सभी की मदद करेगा। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख को दोहराते हुए कहा, अगले साल जनवरी से भारत सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के तौर पर अपना दायित्व निभाएगा। दुनिया के अनेक देशों ने भारत पर जो अपना विश्वास जताया है उसके लिए आभार जताता हूं। विश्व के सब से बड़े लोकतंत्र होने की प्रतिष्ठा और इसके अनुभव को हम विश्व हित के लिए उपयोग करेंगे। हमारा मार्ग जनकल्याण से जगकल्याण का है।

**कांग्रेस में टूट जारी, अब मुरैना और विंध्य से**

## कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए दो बड़े नेता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर विरोध खुलकर सामने आने लगा है। चार दिन में तीन बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। चंबल के बड़े नेता और पूर्व मंत्री महेंद्र बौद्ध के बाद अब मुरैना और विंध्य में भी बगावत सामने आ गई है। मुरैना जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और दिमनी विधानसभा से कांग्रेस से प्रबल दावेदार रहे सत्येंद्र सिंह तोमर और विंध्य अंचल के कांग्रेस नेता और 2018 में मैहर से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे श्रीकान्त चतुर्वेदी ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने शुक्रवार देर रात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की



सदस्यता ग्रहण की। दिमनी से टिकट के प्रबल दावेदार सत्येंद्र सिंह को टिकट नहीं देकर कांग्रेस ने रविंद्र सिंह तोमर को उम्मीदवार बनाया। सत्येंद्र ने इसको लेकर आलाकमान से अपनी नाराजगी जताई थी, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। कांग्रेस ने पहली सूची में 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। शेष 13 सीटों में से ब्यावरा को छोड़कर सभी 12 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं। यहां के संभावित उम्मीदवार अपनी दावेदारी भी पेश कर चुके हैं। मुख्य रूप से कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ही इन्हें फाइनल कर चुके हैं। हालांकि अभी पत्ते नहीं खोले गए हैं। अभी भी कुछ और नामों को लेकर स्थिति साफ नहीं होने के कारण यह पूरी उठापटक हो रही है।

**सरकार से सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ ने पूछा- सभी को**

## कोरोना वैक्सीन देने के लिए हैं 80 हजार करोड़ रुपए?

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ अदार पूनावाला ने सरकार के पूछा है कि क्या देश में सभी को कोरोना वैक्सीन देने के लिए उसके पास 80 हजार करोड़ रुपए उपलब्ध हैं? उन्होंने इसे चुनौती बताते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को भी टैग किया है। अदार पूनावाला ने शनिवार को ट्वीट किया, त्वरित सवाल- भारत सरकार के पास अगले एक साल में 80,000 करोड़ रुपए उपलब्ध होंगे? क्योंकि स्वास्थ्य मंत्रालय को वैक्सीन खरीदने और सभी को वितरित करने के लिए इसकी जरूरत होगी। यह अगली चुनौती है जिससे हमें निपटने की जरूरत है। ट्वीट के अंत में पीएमओ को टैग किया गया है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, मैंने यह सवाल पूछा क्योंकि हमें प्लान और गाइड की जरूरत है, भारत और विदेश में मौजूद वैक्सीन निर्माता खरीद और वितरण के मामले में देश की जरूरत पूरी करेंगे। सीरम इंस्टीट्यूट भारत में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैक्सीन को ब्रिटेन की एस्ट्रेजेनिका के साथ तैयार कर रही है। कुछ दिन पहले ही अदार पूनावाला ने कहा था साल 2024 तक दुनिया में सभी को कोरोना का टीका मिल पाएगा। पूनावाला ने कहा कि दवा कंपनियों ने उत्पादन में तेजी से बढ़ोतरी नहीं की है, जिससे की दुनिया भर के लोगों को समय पर टीका लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि धरती पर सभी लोगों को लिए कोरोना वैक्सीन मिलने के लिए कम से कम चार पांच साल का समय लग जाएगा। सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता कंपनी के सीईओ ने अनुमान लगाया है कि दुनिया को कोरोना के लिए लगभग 15 अरब खुराक की आवश्यकता होगी यदि यह दो-खुराक वाला टीका होगा तो।



**हनी ट्रैप में फंसाकर लूटने वाली महिला सहित**

## दो लोग गिरफ्तार, फेसबुक पर ढूंढते थे अमीर शिकार

**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में हनी ट्रैप के जरिये फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर अमीरों लोगों को फंसाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। इस गिरोह की महिला सदस्य अपने शिकार को फ्लैट में बुलाती थीं और फिर गिरोह के अन्य सदस्य नकली पुलिसकर्मी बनकर अपने शिकार की आपत्तिजनक फोटो खींचकर उनसे उगाही करते थे। इस मामले में शुक्रवार को पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच सदस्यों की तलाश जारी है। एसपी सिटी अभिषेक वर्मा ने बताया कि इस गिरोह ने 19 सितंबर को दिल्ली गेट निवासी मिर्जा शहजाद अली को अपना शिकार बनाया था। पीड़ित ने 24 सितंबर को अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस इस गिरोह को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गई थी।

शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन में ओम धर्मकांटे के पास से मुख्य आरोपी लोनी निवासी जावेद और उसकी साथी मधुमिता को गिरफ्तार कर लिया। इनसे पूछताछ में पता चला है कि इस गिरोह में सात सदस्य हैं। इस गिरोह का मास्टरमाइंड देवराज पांडा है। यह एम्स के ओटी में टेक्निशियर का काम भी देखता है। उन्होंने बताया कि जावेद गैंग का मुख्य सदस्य है। जावेद के कहने पर मधुमिता, पूजा और स्मृति अमीर लोगों को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती थीं। फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद ये अपने शिकार का मोबाइल नंबर लेकर उससे फोन पर बात कर उसे अपने झांसे में लेती थीं और फिर उसे राजनगर के फ्लैट में बुलाती थीं। शिकार के फ्लैट में आने के बाद जब वह आपत्तिजनक स्थिति में होता था तो पूजा अपने साथियों को बुला लेती थी। जावेद सब-इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर मधुमिता व अन्य सदस्यों के साथ कमरे में दाखिल होता था और अपने शिकार की फोटो खींचकर उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे। शिकायत के बाद पुलिस ने जावेद और मधुमिता को गिरफ्तार किया है।



**गिरोह के सदस्य दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय**–पुलिस ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय है। इस बात का पता इनके मोबाइल से पता चलता है। इन दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन में कई लोगों के आपत्तिजनक फोटो मौजूद हैं। इसमें नोएडा, दिल्ली के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपनी शिकायत करता है तो उस मामले की भी जांच की जाएगी। साथ ही दिल्ली समेत एनसीआर में इस तरह की शिकायतों को देखा जाएगा। इसके लिए वहां की पुलिस से संपर्क किया जा रहा है।

**सोसाइटी के सीसीटीवी कैमरे में कैद**–पुलिस ने बताया कि जिस फ्लैट में यह अपने शिकार को बुलाते थे। उस सोसाइटी के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज मिला है।

### राजपक्षे से बोले पीएम मोदी- भारत श्रीलंका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के साथ अनेक विषयों पर बातचीत की जिनमें द्विपक्षीय संबंध तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे विषय शामिल रहे। डिजिटल द्विपक्षीय शिखर-वार्ता में अपने शुरुआती वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि श्रीलंका में राजपक्षे सरकार की नीतियों के आधार पर चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी की बड़ी जीत दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहन बनाएगी। उन्होंने कहा, चुनाव में आपकी पार्टी की विजय के बाद भारत-श्रीलंका के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत का अवसर आया है। दोनों देशों के लोग नई उम्मीद और अपेक्षाओं के साथ हमें देख रहे हैं। राजपक्षे ने 9 अगस्त को नये कार्यकाल के लिए श्रीलंकाई प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनकी पार्टी श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट ने संसदीय चुनावों में दो तिहाई बहुमत हासिल किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत श्रीलंका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है।

### एनसीबी के सामने दीपिका पादुकोण ने कबूली ड्रग्स चैट की बात, लेकिन लेने की बात से किया इनकार: रिपोर्ट्स



**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत केस से जुड़े ड्रग्स मामले में बॉलीवुड की बड़ी ड्रग्स मंडली एनसीबी की रडार पर है। रिया चक्रवर्ती की गिरफ्तारी के बाद अब दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, श्रद्धा कपूर और रकुल प्रीत सिंह के नाम इसमें आए हैं। दीपिका से शनिवार को एनसीबी ने करीब साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की है। मीडिया रिपोटर्स के अनुसार, दीपिका ने पूछताछ में ड्रग्स चैट की बात कबूली है। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका ने यह कबूल किया कि करिश्मा से उनकी ड्रग्स को लेकर चैट हुई थी। हालांकि उन्होंने इस बात से इनकार किया है कि उन्होंने ड्रग्स लिया है। दीपिका से पूछताछ खत्म हो चुकी है। वहीं श्रद्धा कपूर और सारा अली खान से भी एनसीबी की पूछताछ जारी है। वहीं धर्मा प्रोडक्शन के एग्जक्यूटिव प्रोड्यूसर क्षितिज रवि प्रसाद को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को रकुल प्रीत से एनसीबी ने पूछताछ की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रकुल प्रीत सिंह ने ये माना है कि साल 2018 में उन्होंने रिया से ड्रग्स को लेकर चैट की थी। रकुल ने कहा कि रिया उनके घर में ड्रग्स छोड़कर चली गई थीं उसी को लेकर दोनों के बीच बात हुई थी। रिया अपने ड्रग्स वापस लेना चाहती थीं। दोनों के बीच बस इतनी ही बात हुई थी। रकुल ने यह भी बताया कि उन्होंने कभी ड्रग्स नहीं लिए हैं और ना ही वह किसी ड्रग पैडलर को जानती हैं। वैसे रकुल के अलावा दीपिका पादुकोण की मैनेजर करिश्मा प्रकाश से भी एनसीबी की पूछताछ के लिए पहुंचीं।

### बीजेपी संगठन में बड़ा फेरबदल, राम माधव को महासचिव से हटाया, तेजस्वी सूर्या का प्रमोशन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए पार्टी पदाधिकारियों के नामों का ऐलान किया। पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत कई अहम पदों में बदलाव करते हुए कुछ नए चेहरों को भी मौका दिया है। इसमें कई सीनियर नेता जैसे राम माधव, पी. मुरलीधर राव, अनिल जैन, सरोज पांडे को महासचिव से हटाकर नए चेहरों को मौका दिया है। जिन लोगों का पार्टी में कदम बढ़ाया गया है उनमें से एक है कर्नाटक से सांसद तेजस्वी सूर्या। तेजस्वी सूर्या को पूनम महाजन की जगह यूवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की संख्या को बढ़ाकर 23 कर दिया है। सांसद अनिल बलुनी ने मीडिया इंचार्ज की पॉजिशन बरकरार रखी है और उनका कद बढ़ाकर चीफ प्रवक्ता बनाया गया है। नए प्रवक्ताओं में राजीव चंद्रशेखर, संजू वर्मा, इकबाल सिंह लालपुरा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अपराजिता सारंगी, हीना गावित, म. किकोन, नुपूर शर्मा, राजू बिष्ट और के.के. शर्मा शामिल हैं।नई नियुक्तियों का ऐलान संगठन में युवाओं, महिलाओं और अनुभवी चेहरों का सामंजस्य करने के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की तरफ से किया गया। बीजेपी ने रमन सिंह, वसुंधरा राजे, राधा मोहन सिंह, बैजयंत जय पांडा, रघुबर दास, मुकुल रॉय, रेखा वर्मा, अन्नपूर्णा देवी, भारती बेन शियाल, डीके अरूण. एमबी चौबा एओ, अब्दुल्ला कुट्टी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# दबोह पुलिस की आंखों के सामने फल फूल रहा रेत का अवैध कारोबार

## खुले आम नगर में दौड़ रहे रेत का अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर



**दबोह।** गर दबोह में खुलेआम पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने रेत का अवैध कारोबार काफी अच्छे से फल फूल रहा है,परन्तु यहां कार्यवाही के नाम पर सिर्फ वरिष्ठ अधिकारियो को ठेंगा दिखाया जाता है।दबोह नगर में खुलेआम खनन कारोबारियों द्वारा अवैध रेत का विक्रय किया जा रहा है।यह रेत कारोबारी न तो नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही सरकार को रॉयल्टी चुका रहे हैं।जिससे सरकार के राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपए की चपत लग रही है जिसका श्रेय सिर्फ स्थानीय पुलिस प्रसाशन को जाता है क्यों कि नगर के आस-पास के अंचल के अन्य कई गांवो की छोटी-बड़ी नदियों में रेत का अवैध खुदाई का कार्य जारी है। नगर में रेत का यह कारोबार खुलेआम फलफूल रहा है,व रेत का अवैध कारोबार नगर मे तेजी से बढ़ता दिख रहा है क्यों कि नगर में रोजाना दिन दहाड़े दर्जनो ट्रैक्टरो से रेत का आदान प्रदान जो चल रहा है जिसका जीता जाता जागता सबूत कभी भी रात 8 बजे ही रही देखने को मिल सकता है।खनन कारोबारी रेत का यह कारोबार बेखौफ होकर दिन के उजाले में व रात बड़ी मात्रा में खुलेआम विक्रय करते है फिर भी कार्यवाही न होना स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है क्यों कि रेत के ट्रेक्टर दिन दहाड़े व रात में भी थाने के सामने से ही होकर गुजरते हैं फिर भी प्रशासन चुप्पी साधे हुए है,आखिर माजरा क्या है यह तो कह पाना मुश्किल है क्यों कि पुलिस थाने के सामने से रेत से भरे ट्रेक्टरों का निकलना और फिर उनपर कार्यबाही न होना एक अलग ही दिशा बताता है।।साथ ही नगर में बड़े पैमाने पर मिट्टी का भी अवैध उत्खनन जारी है परन्तु प्रशासन अब तक मौन धारण किये हुए है।

**अधिकारी महोदय के आने से पहले ही मिल जाती है माफियाओ को लोकेशन**-सूत्रों की माने तो रेत का यह कारोबार बड़े ही तरीके से किया जा रहा है क्यों कि जब भी कोई वरिष्ठ अधिकारी महोदय कार्यवाही करने के लिए निकलते हैं तो उससे पहले ही हैलो ट्रैक्टर,ट्रॉली मशीन हटा लो साहब का दौरा है उसके बाद ही मौके से सब कुछ गायब हो जाता है जैसे मानो यहां कुछ था ही नही और अधिकारी महोदय को बिना कार्यवाही के लौटना पड़ता है।

### इनका कहना

1-थाना प्रभारी को कार्यवाही के लिए बोलता हूं व जल्द ही टीम बनाकर छापामार कार्यवाही की जाएगी।

**आर ए प्रजापति**
**एसडीएम लहार**

2-थाना प्रभारी को अवगत कराता हूं जल्द कार्यबाही की जाएगी।

**नवीन भारद्वाज**
**तहसीलदार दबोह**

## (खुशियों की दास्ता)

# अटल प्रोग्रेस-वे का मोल समझा जलेबी बाई ने




**मुरैना।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की पहल पर चंबल संभाग के मुरैना, भिण्ड और श्योपुर अंचल के लिए अभी तक की सबसे महत्वाकांक्षी योजना अटल प्रोग्रेस-वे को स्वीकृति दी गई है। इस प्रोग्रेस-वे के बनने से श्योपुर जैसे दूरस्थ जिले के विकास के द्वार खुलेगे। साथ ही इस क्षेत्र का औद्योगिक पिछड़ापन दूर होकर आर्थिक विकास की संभावना बढ़ेगी। यह प्रोग्रेस-वे कितना लाभदायी है। इसका मोल श्योपुर तहसील की दातरदा निवासी श्रीमती जलेबी बाई ने समझा है। श्योपुर कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अटल प्रोग्रेस-वे के अंतर्गत श्योपुर तहसील के 34 गांव से वे गुजरेगा। जिसके अंतर्गत श्योपुर तहसील क्षेत्र के 828 कृषको की भूमि में से 715 का सर्वे राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है। इस दिशा में आयोजित श्योपुर तहसील के क्षेत्र में 23 एवं वीरपुर के क्षेत्र में 17 कैम्प किसानो से सहमति पत्र भरवाने के लिए लगाये जा चुके है। जिसमें 155 किसानो द्वारा अपनी भूमि के बदले दोगुना भूमि लेने के लिए सहमति पत्र दिये है। इसी प्रकार वीरपुर तहसील के क्षेत्र के 18 गांवो के 619 किसानों में से 188 किसानो ने आयोजित 17 कैम्पो में अपने सहमति पत्र दोगुना भूमि लेने के लिए भरे जा चुके है। श्योपुर तहसील के ग्राम दातरदा की निवासी श्रीमती जलेबी बाई ने बताया कि मेरे पास कुल 2.100 हेक्टेयर भूमि है।

## चाइल्डलाइन ने किया बच्चों की सुरक्षा व कोरोना संक्रमण से बचाव के बारे में जागरूक

**श्योपुर ब्यूरो....** महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा संचालित चाइल्डलाइन टीम द्वारा जिले व गांव -वर्धाबुर्जग, कमालखेडली, पटेलपुरा की बस्तियों में जाकर वहा उपस्थित बच्चो व लोगो को चाइल्डलाइन के कार्यो, बच्चो की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य एवं कोरोना बीमारी से बचाव के बारे मे जागरूक किया गया। इस दौरान टीम सदस्यो द्वारा बच्चो की समस्याओ की जानकारी लेने पर ग्रामीणो द्वारा 7 ऐसे जरूरत मंद परिवारो के बारे में जानकारी दी गयी जिनके पास खाद्य सामग्री नही थी व उनकी स्थिति दयनीय थी। टीम सदस्य द्वारा मदद करते हुए इन जरूरत मंद परिवारो के लिये खाद्य सामग्री पहुचायी गयी इसके साथ ही ग्रामीणो को मास्क वितरित कर, घर से बहार जाते समय मास्क का उपयोग करने के बारे मे समझाया गया। इस दौरान चाइल्डलाइन समन्वयक विप्लव शर्मा, टीम सदस्य मनोज सोनी, गौरव आचार्य, सत्येन्द्र सिंह, कुलदीप शर्मा, राजेश मीणा, अनामिका पाराशर, सुमनलता श्रीवास्तव व प्रेमचन्द्र का सहयोग रहा।

# सम्मान निधि पाकर हरिशंकर के चेहरे पर खुशी लौटी

**श्योपुर।** गरीब कल्याण पखवाडे के अंतर्गत मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानो के बैंक खातो में सम्मान निधि की राशि अंतरित की गई। इस योजना के अंतर्गत दो-दो हजार रूपये का चैक प्राप्त करने वाले तहसील श्योपुर के ग्राम रामपुरा के निवासी किसान श्री हरिशंकर पुत्र श्री रामचरत जाट जो खेती में गेहू एवं धान की फसले बोते है। उन्हे सम्मान निधि 02 हजार रूपये का चैक मिला। तो उनके चेहरे पर खुशी लौटी। जिले की तहसील श्योपुर के ग्राम रामपुरा के निवासी किसान श्री हरिशंकर पुत्र श्री रामचरत जाट ने बताया कि वह वर्ष में रबी एवं खरीफ सीजन में दो बार फसल की बोवनी करते है। बोवनी के लिए खाद बीज खरीदने के लिए उसे काफी कठिनाई का सामना करना पडता था। अब सीएम किसान सम्मान निधि योजना से 04 हजार रूपये एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 06 हजार रूपये सम्मान निधि उनके लिए मददगार सिद्ध हो रही है। वे आसानी से इन रूपयो की सहायता से खाद-बीज का प्रबंध कर सकेगे। और साल भर उनके हाथ में पैसा रहेगा। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कविता मीणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट एवं एसडीएम श्री रूपेश उपाध्याय ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्योपुर तहसील के ग्राम रामपुरा के किसान श्री हरिशंकर पुत्र श्री रामचरत जाट को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 02 हजार रूपये का चैक प्रदान किया। इस चैक को प्राप्त कर रामपुरा के किसान श्री हरिशंकर पुत्र श्री रामचरत जाट में चेहरे पर खुशी लौट आई। और वे प्रदेश के मुख्यमंत्री मामा श्री शिवराज सिहं चैहान की योजना के प्रति काफी प्रफुल्लित हो रहे थे। श्योपुर जिले की श्योपुर तहसील के ग्राम रामपुरा के निवासी किसान श्री हरिशंकर पुत्र श्री रामचरत जाट ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिहं चैहान ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत मुझे सम्मान निधि के रूप में 02 हजार रूपये का चैक प्रदान किया। साथ ही इस सम्मान निधि की राशि से मैं अपने कृषि संबंधी कार्य करने में सहायक बनूगा। और मुझे किसी से कर्ज लेने की आवश्यकता नही पडेगी। जिसके लिए मैं मप्र सरकार, जिला प्रशासन का आभारी रहूगा।

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

# अस्पतालों में रिसेप्शन काउंटर पर कोविड उपचार दरों को प्रदर्शित करें

## कोविड उपचार दरों की पारदर्शिता जरूरी - एड किशन भावनानी

**गोंदिया।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने अपने 8914/2020 में सोमवार दिनांक 7 सितंबर 2020 को मुख्य न्यायाधीश अजय कुमार मित्तल और जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की बेंच ने अपने 1 पृष्ठ के आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि अस्पतालों के रिसेप्शन काउंटर पर कोविड-19 रोगियों के उपचार के लिए दरों को प्रदर्शित करने के लिए निजी अस्पतालों सहित प्रत्येक अस्पताल को निर्देश जारी किया जाए। मुख्य न्यायाधीश अजय कुमार मित्तल और न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला की खंडपीठ ने आगे कहा कि यदि अस्पतालों द्वारा कोई ओवरचार्जिंग होती है, तो इसके सम्बन्ध में एक हलफनामा दाखिल करके जिला प्रशासन और उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया जाएगा, जिससे उस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाये। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य के निजी अस्पतालों में कोरोना के इलाज की रेट लिस्ट का बोर्ड लटकाए जाने को अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा राज्य शासन को कोरोना के इलाज की दरें अधिसूचित करने कहा गया है। साथ ही निर्धारित से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था दे दी गई है। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश अजय कुमार मित्तल व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट मित्र बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने पक्ष रखा। उन्होंने वीडियो



कॉफ्रेंसिंग के जरिये पूर्व में प्रस्तुत सुझावों के सिलसिले में बहस को गति दी। राज्य को समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन (पूर्वोक्त दिशाओं का उल्लेख करते हुए) को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। अदालत ने कहा, राज्य सरकार आज दिए गए आदेश में निहित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेगी, जहां तक यह उनके पक्ष में कार्रवाई किए जाने से संबंधित है। पीआईएल की पृष्ठभूमि उच्च न्यायालय ने इन रेफरेंस सुओ मोटो बनाम भारत संघ और अन्य के मामले में उपरोक्त निर्देश दिया है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा किए गए एक संदर्भ के आधार पर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार (26-जून -2010) को राज्य में एक दुखद घटना का संज्ञान लिया, जहां से पीड़ित एक बुजुर्ग को बिस्तर से बांध दिया गया था। पूर्व कानून मंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अश्वनी कुमार द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर यह संज्ञान लिया गया, जिसमे शाजापुर जिले के एक अस्पताल में वृद्ध के उपचार के लिए कथित रूप से शुल्क का भुगतान करने में विफल रहने के बाद उन्हें एक बिस्तर से बांधने की घटना का जिक्र किया गया था। उक्त पत्र के लेखक ने यह कहा था कि इस तरह के कृत्यों से मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है यानी सम्मान के साथ जीने का अधिकार। गौरतलब है कि 6 जून को एक वायरल वीडियो में दिखाया गया था कि शाजापुर के सिटी अस्पताल में एक 80 वर्षीय व्यक्ति को अस्पताल के बिस्तर से बांध दिया गया था, क्योंकि वह और उसका परिवार के इलाज के लिए अस्पताल के बिल को भर नहीं पाए थे। उक्त पत्र को उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका के रूप में माना था क्योंकि यह मामला बहुत गंभीर था।



# इंदौर में घरों के पीछे की नालियों को पक्का करके सजावट का कार्य जोरों पर

**इंदौर।** नगर पालिका निगम की अभिनव पहल 2 अक्टूबर यानि गांधी जयंती के मौके पर नगर निगम चलाएगा विशेष अभियान स्वच्छता को समर्पित इस दिन के लिए 100 से अधिक बैक लाइन की जाएगी चिन्हित निगम कमिश्नर प्रतिभा पाल के मुताबिक एक अक्टूबर को पहले से चिन्हित की गई 100 बैक लाइन की जनभागीदारी के साथ कि जाएगी सफाई जबकि गांधी जयंती के मौके पर बेक लाइन के ब्यूटिफिकेशन को लेकर जुटेगा शहर कई सामाजिक संस्थान और छात्र मिलकर सजायेंगे बैक लाइन। गौरतलब है कि इंदौर शहर की कई बैक लाइन का ब्यूटिफिकेशन आदर्श स्थापित कर रहा है।बैक लाइन की सफाई और सजावट की चर्चा देशभर में हो रही है शहर की सफाई व्यवस्था देखने आने वाले अन्य शहरों के प्रतिनिधि अब बैक लाइन के गंदगी से लेकर सुंदरता तक के सफर का भी अध्ययन करते दिखाई देंगे। कुल मिलाकर नगर निगम अब शहर भर की बैक लाइन के ब्यूटिफिकेशन के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है।

## किसान विरोधी बिल वापस लेने के लिए किसानों ने किया आंदोलन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मोहन मांझी**

गोहद- केंद्र सरकार द्वारा किसानों के बिल के विरोध में गोहद के किसानों ने कृषि मंडी मैदान में जाकर धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार आर एल वर्मा को दिया आंदोलन पर किसानों ने बताया कि कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने किसान विरोधी बिल पारित किया था जो किसानों के हित में नहीं है किसानों को इस बिल द्वारा काफी हानि का सामना करना पड़ेगा यह बिल वापस सरकार द्वारा वापस लिया जाए और स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू की जाए एवं एमएसपी गारंटी लिख कर दी जाए दिल वापस ले लिया जाकर किसानों की मांग पूरी की जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो किसान संगठन अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल पर बैठेंगे इस मौके पर सतनाम सिंह राजदीप सिंह राघवेन्द तोमर इंदरपाल सिंह तोमर मलकीत सिंह नरोत्तम चौरसिया हरमीत सिंह प्यारा सिंह करू तोमर गुरविंदर सिंह गुरदास सिंह दविंदर सिंह सुखदेव सिंह प्रताप सिंह अमरीक सिंह अभिलाष गुर्जर बलजीत सिंह जीतू पटेल बीपी सिंह यश तोमर पिंकी उचाड़िया जावेद खान आदि लोग शामिल थे।




# तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत बड़ौनी कस्बे में की गई चालानी कार्यवाही

**दतिया।** तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति दतिया के नोडल अधिकारी डॉ.

### जिले में संचालित अभियान के प्रभाव से कम मिले प्रदर्शन कर विक्रय करने वाले विक्रेता, थाना क्षेत्र में अच्छे प्रयासों में सदैव सहयोगी रहेगी बड़ौनी पुलिस - रविन्द्र शर्मा

के. के. अमरया, समिति सदस्य व सदस्य गवर्निंग बोर्ड एमपीव्हीएचए रामजीशरण राय, थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा, मोहनीश दुबे, एएसआई राजेश नगार्च के दल द्वारा सघन चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। कस्बे में आमचर्चा थी कि मीडिया के माध्यम से अभियान के तहत जिले में कार्यवाही संचालित है इसलिए अब तम्बाकू से बने पदार्थो का प्रदर्शन नहीं हो रहा दुकानों पर। समिति सदस्यों ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चालानी कार्रवाई में पूरे बड़ौनी कस्बे में प्रयास करने पर 6 दुकान संचालकों पर 570 रुपये का तंबाकू से बने तंबाकू से बने पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। जिन दुकानदारों पर कार्यवाही की गई उन्होंने आश्वस्त किया कि हम अब कानून का उल्लंघन नहीं करेंगे। उक्त चालानी कार्यवाही दल में सम्मिलित थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा ने थाना क्षेत्र में अच्छे प्रयासों में सदैव सहयोगी रहने का आश्वासन दिया। सोशल एक्टिविस्ट रामजीशरण राय ने सदस्यों ने दुकानदारों को प्रदर्शन कर विक्रय न




करने व उपयोग करने वालों को सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू से बने पदार्थों का उपयोग ना करने की हिदायत दी। यह कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन है। चलानी कार्यवाही में दल में सम्मिलित एएसआई राजेश नगार्च, आर. धर्मेन्द्र रावत, आर. भूपेंद्र सिंह गौर आर. अंकित भदौरिया व वाहन चालक भूपेंद्र कुशवाहा सहयोगी रहे। जिला नोडल अधिकारी डॉ. के.के. अमरया ने देते हुए बताया कि कानून के तहत धारा 4 व 5 में चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा। मोहनीश दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अधिनियम के तहत तैयार कार्ययोजना अनुसार प्रत्येक माह तैयार कार्ययोजना तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत जिले में चालानी कार्यवाही की जावेगी। ताकि हम अधिनियम के प्रावधानों को लागू कर सकें। उक्त जानकारी समिति सदस्य रामजीशरण राय ने दी।

## प्रदेश में 5 हजार आदिवासी युवाओं को दिलाया जायेगा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण'

**मुरैना।** प्रदेश में इस वर्ष आदिम जाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित मध्यप्रदेश रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद (मेपसेट) के माध्यम से 5 हजार आदिवासी वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल उन्नयन विकास का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा । यह प्रशिक्षण केन्द्र सरकार के कौशल उन्नयन विकास मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार दिलाया जायेगा । मेपसेट द्वारा पिछले दो वर्षों में 20 हजार से अधिक आदिवासी युवाओं को रोजगारमूलक कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में 6 हजार 200 आदिवासी युवतियाँ भी हैं । मेपसेट द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त 3,400 युवाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिये आदिवासी वित्त विकास निगम के माध्यम से 91 करोड़ 62 लाख रुपये का ऋण व अनुदान उपलब्ध कराया गया है । मेपसेट के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिये मेप आईटी के माध्यम से पोर्टल डेव्हलप कराया जा रहा है । पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग, रजिस्ट्रेशन और स्व-रोजगार की समस्त प्रक्रियाएँ ऑनलाइन होंगी। इसके साथ ही मेपसेट द्वारा वेबसाइट भी तैयार की जा रही हैं। इस वेबसाइट में जनजाति वर्ग के युवाओं के उत्थान के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध होगी ।



## सीरवी ज्ञानकोष शिक्षा सेवा संस्था रजि. की पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत

**नारायणलाल सैणचा**

**पाली।** आज संस्था के आजीवन सदस्य नगराज सुपुत्र स्व.ओटाराम गेहलोत व उनकी धर्मपत्नी बेरा सोडाजी वाला बाली हाल निवास खारघर नवी मुंबई ने ज्ञानकोष की पेड़ लगाओ जीवन बचाओ मुहिम से प्रेरित होकर अपने पैतृक गाँव बाली में अपने कृषि फॉर्म हाउस पर सागवान,आम,चीकू,पाम व फलदार व फूलों के 342 पौधे लगाकर संस्था की इस मुहिम के साथ जुड़े पौधा रोपण कार्यक्रम संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष धन्नाराम एच् गेहलोत बाली व समाज सेवक खेता महाराज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर बाली परगना प्रभारी ताराराम गेहलोत,सक्रिय सदस्य सुरेश मुलेवा , मांगीलाल गेहलोत , जगदीश काग, नेनाराम गेहलोत आदि महानुभाव की भागीदारी रही । इस मौके पर समाज सेवी खेता महाराज ने बताया कि सीरवी ज्ञानकोष शिक्षा सेवा संस्था समाज मे जरूरत मंद विद्यार्थियों की शिक्षा सहायता के साथ साथ पर्यावरण के लिए भी ये अनूठी पहल करके बहुत ही सहरानीय कार्य किया हम सभी को संस्था के साथ जुड़कर ऐसे जन कल्याण कारी कार्यों में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए । संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनाराम गेहलोत ने बताया कि अभी तक संस्था द्वारा करीब 700 विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता उपलब्ध करवाई गई और अनेक विद्यार्थियों की स्कूल फीस भी भरी गई साथ ही इस मानसून सत्र में 1000 पौधे लगाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था । उसमें से अभी तक करीब 750 पौधे लगा दिए गए है। बाकी के भी जल्द से जल्द लगा दिए जाएंगे । साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगो को सीरवी ज्ञानकोष से जुड़ने का आह्वान भी किया गया ।व भामाशाहो द्वारा संस्था को सहायता उपलब्ध करवाने का निवेदन भी किया गया ताकि समय समय पर संस्था द्वारा ऐसे जनकल्याण कारी कार्य किये जासके। अंत मे अध्यक्ष जी द्वारा उपस्थित सभी महानुभावो का आभार प्रकट किया जिन्होंने भी इस मुहिम में अपना तन मन व धन से अपना सहयोग प्रदान किया ।

# मेधावी छात्र प्रतिभा योजना के तहत 1088 छात्र-छात्राओं को मिलेंगे 25-25 हजार रुपए

**दमोह(मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में हायर सेकेंडरी स्कूल में सफल मेधावी छात्र प्रतिभा योजना के तहत 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 1088 छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर तरुण राठी ने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 426 छात्रों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि का वितरण कर दिया गया है। अब शेष रह गए 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाले 662 छात्र छात्राओं को भी इस योजना के अंतर्गत शीघ्र ही लाभ प्रदान कर दिया जाएगा।

एक दिन पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आने वाली पीढ़ी आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ अपनी रूचि और प्रवृति के क्षेत्र में आगे बढ़े। चौहान ने कहा कि व्यक्ति जो भी लक्ष्य निर्धारित करता है उसे प्राप्त करने का रोडमेप विकसित कर दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहे तो उसे सफलता



अवश्य मिलती है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2009 में आरंभ हुई थी। प्रारंभ में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लेपटॉप लेने के लिए राशि प्रदान की जाती थी। वर्ष 2013 से अशासकीय विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ प्रदान किया जाने लगा। इस बार वर्ष 2020 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 हजार 542 विद्यार्थियों को 25 हजार प्रति विद्यार्थी के मान से 101 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा रही है।

### विधानसभा उप चुनाव में होगा नवीन तकनीक की एम-3 मशीनों का उपयोग

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा उप निर्वाचन में एम-2 मॉडल की ईव्हीएम के स्थान पर नवीनतम तकनीक से निर्मित एम-3 मॉडल की ईव्हीएम का उपयोग किया जायेगा। इस संबंध में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि एम-3 मशीनें एम-2 से बेहतर हैं। पहले एम-2 मशीनों के अंतर्गत कंट्रोल यूनिट के साथ 4 बैलेट यूनिट ही जोड़ सकते थे, लेकिन अब नई मशीनों में 24 बैलेट यूनिट को जोड़ा जा सकेगा। ये मशीनें नोटा सहित 384 अभ्यर्थियों तक के लिये सक्षम हैं।पहले उपयोग होने वाली एम-2 मशीनों में बैटरी का प्रतिशत दिखाई नहीं देता था, लेकिन एम-3 मशीनों में यह दिखाई देगा। जिसके आधार पर पीठासीन अधिकारी बैटरी को बदल सकते हैं। नवीन एम-3 मशीनों में केन्डीडेट सेक्शन एवं बैटरी सेक्शन दोनों को पृथक-पृथक सील्ड किया जाता है।

# नौकरी के लिए बुलाकर देह व्यापार कराता था, 13 लड़कियां हुईं आजाद

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है जो लड़कियों को नौकरियों का झांसा देकर बुलाता था और उन्हें देह व्यापार में धकेल देता था। इंदौर की विजय नगर पुलिस ने गिरोह के चंगुल से ऐसी 13 युवतियों को मुक्त कराया है। इस बात का खुलासा तब हो पाया जब गिरोह के चंगुल से बची दो युवतियों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने गिरोह के 10 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। युवतियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें इंदौर की एक युवती ने इवेंट में काम देने का झांसा दिया था। उसकी बातों में आकर दोनों बंगाल से इंदौर आ गईं। कुछ दिन बाद उन्हें समझ आया कि वो गलत जगह आ गयी हैं। उन पर अनजान लोगों के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला जाने लगा। मना करने पर उन्हें भूखा रखा गया और शारीरिक यातनाएं दी गईं। इनके अश्लील वीडियो भी बनाए गए। पुलिस ने



इनकी शिकायत पर आरोपियों को पकड़ लिया है, जिनमें एक युवती भी है। सभी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि इनका बहुत बड़ा गिरोह है। इनके अन्य साथी भी शहर में मौजूद हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारकर 13 लड़कियों को मुक्त कराया, जिनमें कुछ नाबालिग भी हैं। अभी तक जो जानकारी मिली है उससे पता चला है कि यह गिरोह गरीब लड़कियों को अपने जाल में फंसाता था। उन्हें नौकरी का लालच देकर इंदौर बुलाते थे। यहां तक कि बांग्लादेश तक की कुछ युवतियों को गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाकर इंदौर लाया गया और सभी को देह व्यापार में धकेल दिया गया। गिरोह की नजर महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार पर भी थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 मोबाइल फोन, लैपटॉप और एक लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। इंदौर डीआईजी हरिनारायण चारी मिश्रा के मुताबिक, बाहरी राज्यों से युवतियों को इंदौर लाकर उनसे जबरिया देह व्यापार कराया जा रहा था। पुलिस ने कुल दस आरोपी गिरफ्तार किये हैं। उनके खिलाफ मानव तस्करी सहित अन्य गम्भीर मामले दर्ज किए गए हैं। जानकारी जुटाई जा रही है कि उनके इस गिरोह में और कौन कौन मददगार था।




# छह हजार 111 करोड़ की समूह जलप्रदाय योजनाओं पर अमल प्रारंभ

## 45 लाख से ज्यादा ग्रामीण आबादी होगी लाभान्वित

**भोपाल।** प्रदेश में 8 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 समूह जलप्रदाय योजनाओं के लिए छह हजार 111 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत इन जलप्रदाय योजनाओं की निर्माण प्रक्रिया का कार्य मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। प्रस्तावित 10 समूह जलप्रदाय योजनाओं से 8 जिलों के 4404 ग्रामों के रहवासी लाभान्वित होंगे। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को घरेलू नल-कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति करवाने का लक्ष्य है। इन समूह जलप्रदाय योजनाओं पर स्वीकृति उपरान्त अमल प्रारंभ हो गया है। इनमें धार जिले की राजोंद, सागर जिले की मडिया, आगर-मालवा, शिवपुरी जिले की मड़ीखेड़ा, गुना एवं अशोकनगर जिले की गोपीकृष्ण सागर एवं राजघाट, देवास जिले की नेमावर (हाटपिपलिया) सहित सिंगरौली जिले की गोंड देवसर, वैठन 1 तथा वैठन 2 के नाम शामिल हैं। जल जीवन मिशन के मापदण्डों के अनुरूप इन सभी समूह जलप्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। प्रत्येक जल प्रदाय योजना के लिए विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त डिजाइन, ड्राइंग तैयार कर मिशन के दिशा-निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया जाना है। इन जल प्रदाय योजनाओं से करीब साढ़े नौ लाख क्रियाशील नल कनेक्शन दिए जायेंगे और इससे 45 लाख से अधिक लोगों को उनके उपयोग के लिए जल उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वरिष्ठ पत्रकार श्री दिनेश चंद्र वर्मा के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वरिष्ठ पत्रकार श्री दिनेश चंद्र वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अखबारों और फीचर सेवाओं से निरंतर कर्म में तल्लीन रहे श्री वर्मा इतिहास, पुरातत्व के विषयों की गहरी समझ रखते थे। विशेष रूप से विदिशा और रायसेन अंचल के प्राचीन मंदिरों, स्मारकों पर उन्होंने काफी शोध और लेखन किया।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित किये

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि गरीब कल्याण पखवाड़े के अंतर्गत मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत पात्र 77 लाख कृषक परिवारों को चार हजार रूपए सम्मान निधि प्रति वर्ष दो समान किश्तों में मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण उपलब्ध कराने की योजना प्रारंभ की गई। फिर उनके खातों में गत वर्षों की फसल बीमा की राशि डाली गई। क्रेडिट कार्ड प्राप्त होने से बचे हुए प्रदेश के 67 हजार किसानों, पशुपालकों तथा मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए।

# दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

## दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा

**भोपाल।** दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। हमें सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांगजन तक पहुंचाना है ताकि वह आत्मनिर्भर होकर स्वाभिमान के साथ जी सके। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन मुख्यालय पर दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा के दौरान कही। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने इन योजनाओं का लाभ सभी दिव्यांगजनों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि दिव्यांगजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा पुनर्वास संबंधी कार्य केवल शासकीय दायित्व ही नहीं है बल्कि यह सभी का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी गंभीरता से काम करें ताकि जिले का कोई भी दिव्यांगजन अपने अधिकारों से वंचित न रहे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने विभिन्न विभागों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# वनवासी समुदाय अब निश्चिंत होकर कर सकेगा खेती-बाड़ी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भारत का सर्वाधिक आदिवासी जनसंख्या वाला राज्य है। प्रदेश की कुल आबादी में से करीब 21 प्रतिशत आबादी आदिवासी समुदाय की है। इस प्रकार देखा जाये, तो प्रदेश में हर पाँचवा व्यक्ति आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। आदिवासी समुदाय लम्बे समय से वन भूमि में निवास कर खेती एवं उससे जुड़े रोजगार के व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। राज्य के आदिवासी समुदाय को समाज एवं विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये राज्य सरकार द्वारा संवेदनशील रूख अपना कर उनके उत्थान के लिये ऐसे कदम उठाये गये है, जिससे उनके आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। प्रदेश के 89 आदिवासी बाहुल्य विकासखंडों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये यूं तो राज्य सरकार ने अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की हुई हैं, जिनका सफल क्रियान्वयन कर आदिवासी भाइयों को लाभान्वित किया जा रहा है। वनों में लम्बे समय से रहने वाले वनवासियों की सबसे बड़ी समस्या उनके आवास स्थल और खेती-बाड़ी की जमीन की रही है। प्रदेश में रहने वाले वनवासियों में एक बड़ा हिस्सा आदिवासी समाज का वन क्षेत्रों में पारम्परिक रूप से रहता आया है। आदिवासी परिवारों को हमेशा से यह डर सताता रहा है कि जिस भूमि पर वे वर्षों से काबिज रहे है, उस भूमि पर उनका मालिकाना हक न होने से वे कभी भी बेदखल किये जा सकते हैं। वन क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे आदिवासी समाज के लोगों के लिये प्रदेश सरकार ने नई पहल करते हुए उनके जीवन में रोशनी की उम्मीद जगाई है, जो उनकी आगे आने वाली पीढ़ी को भी प्रकाशमान करती रहेगी। मध्यप्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने गरीब एवं बेसहारा लोगों की प्राथमिकता के साथ सुध ली। चाहे मजदूर हो, काम-काज करने वाला वर्ग, पिछड़ी जन-जाति की महिलाएँ प्रवासी मजदूर, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं और गरीब तबके को हर संभव मदद उपलब्ध करवाई गई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समाज के 23 हजार लोगों को वनाधिकार पट्टा देकर उनके जीवन को एक नई दिशा दी है। मध्यप्रदेश में वनाधिकार उत्सव आयोजित कर ऐसे आदिवासी भाई-बहनों की चिंताओं का स्थाई समाधान किया गया है, जो वर्षों से उनको सता रही थीं। प्रदेश में तय समय-सीमा में अभियान चलाकर किये गये सर्वे में पात्र ऐसे वनवासियों को उनके कब्जे वाली भूमि का मालिकाना हक सौंपा गया, जहाँ वे वर्षों से रह रहे थे। प्रदेश में 19 सितम्बर का दिन वन अधिकार उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दिन वन क्षेत्रों में रहने वाले हर आदिवासी परिवार के लिये मानों आजादी का दिन था। जिस भूमि पर वे पीढ़ी दर पीढ़ी निवास करते आये हों, आज उस काबिज भूमि का मालिकाना हक उन्हें प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि उन्होंने बचपन से ही आदिवासी भाई-बहनों की पीड़ा और उनके संघर्ष को देखा है। उनकी स्थिति में सुधार और उनका मान-सम्मान कायम रखने का संकल्प मन में रहा है। साथ ही यह भी कोशिश की गई है कि आदिवासी भाई-बहनों को जीवन जीने का बराबर से अधिकार हो। वन अधिकार उत्सव में प्रदेश के 23 हजार वनवासियों को वनाधिकार पट्?टों का वितरण किया गया। वन अधिकार अधिनियम के प्रावधान के अनुसार अनुसूचित-जनजाति वर्ग के 13 दिसम्बर, 2005 की स्थिति में वन भूमि पर काबिज दावेदार को व्यक्तिगत वन अधिकार-पत्र दिये जा रहे हैं। अन्य परम्परागत वर्ग (अनुसूचित-जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग) को भी व्यक्तिगत वन अधिकार-पत्र दिये जा रहे हैं। यह वन अधिकार-पत्र उन वनवासियों को दिये जा रहे हैं, जो तीन पीढ़ी अर्थात 75 वर्ष से वन क्षेत्र में निवासरत हैं। अधिनियम के प्रावधानों के तहत वन भूमि के परम्परागत रूप से सामुदायिक उपयोग के अधिकार-पत्र ग्राम-सभाओं को दिये जा रहे हैं। यह अधिकार-पत्र परम्परागत रूप से सामुदायिक उपयोग में चरनोई, रास्ते, मछली-पालन, शमशान भूमि, धार्मिक पूजा-स्थल, जलाशयों में पानी के उपयोग आदि के हैं। प्रदेश में 31 मार्च, 2020 तक 2 लाख 68 हजार 367 दावे मान्य किये जा चुके हैं। इनमें से 2 लाख 57 हजार 864 वन अधिकार-पत्रों का वितरण भी विभाग द्वारा किया जा चुका है। इनमें 2 लाख 29 हजार 893 व्यक्तिगत और 27 हजार 971 सामुदायिक अधिकार-पत्र हैं। राज्य सरकार ने वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी परिवारों के हित में यह भी फैसला लिया कि साक्ष्य के अभाव में निरस्त दावों का पुन-परीक्षण किया जाये। इसके लिये आदिम-जाति कल्याण विभाग द्वारा एम.पी. वन मित्र पोर्टल तैयार किया गया। वन मित्र पोर्टल के माध्यम से तीनों स्तर ग्राम, उपखण्ड एवं जिला-स्तर पर गठित समितियों के काम को ऑनलाइन किया गया है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक स्तर पर दावों के निराकरण में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। एम.पी. वन मित्र पोर्टल के माध्यम से 3 लाख 60 हजार निरस्त दावों और 20 हजार 830 ग्राम पंचायतों की प्रोफाइल अपडेट की जा चुकी है।

# किसानों को राहत सहयोग और प्रोत्साहन निरंतर जारी रहेगा : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि को लाभ का धंधा बनाकर किसानों की जिन्दगी बदलने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार निरंतर सक्रिय है। किसानों को राहत, सहयोग और

**शासकीय कंपनी द्वारा फसल बीमा योजना के संचालन, सब्सिडी तथा खाद अनुदान सीधे किसान के खाते में अंतरित करने की होगी पहल**

**किसान कल्याण निधि और उद्यानिकी फसल बीमा राशि सिंगल क्लिक से अंतरित**

**1 लाख 72 हजार किसानों को फसल बीमा और 1 लाख 75 हजार किसानों को कल्याण निधि जारी**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान की किसानों को बड़ी सौगात**

प्रोत्साहन लगातार जारी रहेगा। कोरोना के कारण आर्थिक संकट जरूर है पर जरूरत होने पर किसान को सहयोग करना पड़ा तो उधार लेकर भी राहत पहुंचायी जाएगी। किसानों का सुरक्षा कवच बना रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि फसल बीमा योजना को और अधिक कृषक हितैषी व सुलभ बनाने के लिए इसका संचालन राज्य शासन की कंपनी से कराने और विभिन्न अनुदान की राशि सीधे किसान के खाते में जारी करने के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से चर्चा करेंगे।

**आप किसानों के लिए ऐसे ही काम करते रहें**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल के ग्राम परवलिया सड़क निवासी कृषक श्री राधेश्याम मेहर से गांव में चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। श्री मेहर ने बताया कि किसानों को कठिन समय में इस नई योजना से बहुत फायदा होगा। कृषि बिलों के संबंध में बात करने पर श्री मेहर ने कहा कि जब मंडी और समर्थन मूल्य बंद नहीं हो रहा तो बिल में दिक्कत क्या है। मंडी से ज्यादा दाम कहीं और मिलता है तो किसान अपनी उपज वहां बेचे यह तो सही व्यवस्था है। श्री मेहर ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से कहा कि आप किसानों के लिए ऐसे ही काम करते रहें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परवलिया सड़क के कृषक श्री भवन सिंह राजपूत से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मिंटो हाल में किसानों को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना के बीमा दावा राशि के 100 करोड़ रुपए 1 लाख 72 हजार किसानों के खाते में सिंगल क्लिक द्वारा अंतरित किए। मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि के अंतर्गत 1 लाख 75 हजार किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। शुक्रवार को 5 लाख 70 हजार 298 किसानों को यह राशि जारी की गई थी। प्रदेश के 77 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिया जाना है। राशि अंतरण की प्रक्रिया सतत् जारी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये प्रति किसान प्रदान किये जाते हैं। इसके साथ ही राज्य सरकार की ओर से अब प्रति वर्ष दो किश्तों में दो-दो हजार रुपये की सम्मान-निधि किसानों को उपलब्ध करायी जाएगी। इस प्रकार मध्यप्रदेश किसान सम्मान-निधि में प्रति वर्ष किसानों को 10 हजार रुपये प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों को जमीनों की जानकारी सरलतापूर्वक उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा बनाये गए सीमांक ऐप का लोकार्पण भी किया।



**प्रधानमंत्री श्री मोदी किसान कल्याण के लिए समर्पित**-मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्र सरकार द्वारा लाये गए कृषि बिलों के प्रावधानों पर कृषकों से विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी किसान कल्याण के लिए समर्पित हैं। किसानों को हरसंभव सहायता और आगे बढ़ने के मौके उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने किसानों को फसल बेचने के लिए मंडी के साथ-साथ उपलब्ध कराये जा रहे अन्य विकल्पों, कृषि के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास तथा अन्य प्रावधानों पर संवाद भी किया।

**एक जिला - एक उत्पाद योजना**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के जिलों में हो रही फल और सब्जी की पहचान स्थापित करने के लिए 7 हजार 500 करोड़ रुपये उपलब्ध करायें हैं। एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत जिलों के मुख्य कृषि उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर कृषि मिशन के अंतर्गत इन फसलों की गुणवत्ता सुधार, सोर्टिंग, ग्रेडिंग, पैकिंग आदि कर इस प्रकार वैल्यू एडिशन किया जाएगा, जिससे विदेशों में भी प्रदेश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़े। जिलों में एक्सपोर्ट कलस्टर भी स्थापित किए जाएंगे। इस मिशन के अंतर्गत कृषि अधोसंरचना के लिए कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध होगा। यह ऋण किसानों, कृषकों के उत्पादक संघों और कृषक सहकारी संघों को ही प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा।

**खेतों में चेन फेंसिंग व्यवस्था आवश्यक-मंत्री श्री कुशवाह**-उद्यानिक एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)श्री भारत सिंह कुशवाह ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि किसान पुत्र श्री चौहान कृषकों की वास्तविक परिस्थितियों से भलीभांति परिचित हैं। इनकी सक्रियता और संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि वे कोरोना के कठिन काल में समाज के हर वर्ग और व्यक्ति के साथ खड़े नजर आए। मंत्री श्री कुशवाह ने किसानों की फसलों को आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों में चैन फेंसिंग की व्यवस्था के संबंध में पहल करने का आग्रह किया।

**किसान कल्याण योजना पर 3200 करोड़ का व्यय अनुमानित: मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत**-राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कंहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानो को सहृदयतापूर्वक जो सहयोग किया है वह एक मिसाल है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना पर 32 सौ करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल शहडोल और देवास के किसानों से बातचीत की।

**अब लोन की जरूरत नहीं रहेगी**-शहडोल के ग्राम गोडारु के किसान श्री अरुण पाल सिंह गौंड ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से कहा कि जरूरत पड़ने पर अब तक तो सहकारी बैंक से जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण ले लेते थे पर अब मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में राशि मिलने से अब लोन की जरूरत ही नहीं रहेगी। इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसान के जीवन में चार हजार रुपये भी बहुत महत्व रखते हैं। उन्होंने श्री अरुण पाल से खसरा-खतौनी की नकल के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि लोकसेवा केन्द्र से यह आसानी से मिल जाती है। मुख्यमंत्री ने उनकी खेती, बच्चों की पढ़ाई, ग्राम में संचालित योजनाओं की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देवास के उद्यानिकी कृषक श्री दांगी से भी बात की। कार्यक्रम का आरंभ मध्यप्रदेश गान के साथ हुआ। प्रदेश के सभी जिलों में वेबकॉस्ट, यू-ट्यूब तथा फेसबुक के माध्यम से कृषक गण बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन सहित सभी प्रमुख प्रादेशिक चैनलों पर किया गया।

# समस्या या समाधान



वर्तमान में हम सभी देख रहे हैं कि कैसे वर्तमानी सरकार के जो मंसूबे पहले नाकामयाब रहे उन्ही को वह तोड़ मरोड़कर फिर से पेश कर रहे हैं,पहले मोदी सरकार ने आरक्षण खत्म करने की पहल की जिसमें मोदी सरकार के कृत्य का विरोध हुआ तो उन्हें अपना कदम पीछे हटाना पड़ा फिर थोड़े दिन पश्चात ही वह उसी एजेंडे को तोड़ मरोड़कर कर लाय और उसको पेश किया और फिर वर्तमान सरकार लायी... निजीकरण । हिंदुस्तान की जनता की बरसों की कमाई वर्तमान सरकार ने चुटकियों में बर्बाद कर दी विधायक खरीदने में और निजिकरड़ता लाने में।आर्थिक तंगी से जूझ रहा देश...देश के लोगों में भुखमरी सी हालात पैदा हो गए हैं....किसान मार रहे हैं विधायक फूल रहे हैं। भारत के नागरिक पूछना चाहते हैं कहाँ हैं सरकारी नौकरियां ?जो हमारा था वह भी प्राइवेट कंपनियों के हाथों में जा रहा है। भारत की सत्ता पहले से ही भ्रष्ट थी और अब उसको एक मंच मिल गया । निजिकरड़ता में दलाली चलेगी और जो दलाली दे पाएगा वही नौकरी पा पायगा । वर्तमान सत्ता के मंसूबों से ऐसा प्रतीत होता है की ये निजिकरड़ता की पहल लेकर आरक्षण का मज़ाक बनाएंगे संविधान का मज़ाक बनाएंगे ।वैसे भी इन्होंने संविधान का मज़ाक बनाकर ही रख दिया है। शुद्रो को फिर से दुर्व्यवहारी जीवन जीने पर मजबूर कर देंगे ये कहने को को तो सभी ढिंढोरा पीटते रहते हैं कि भेद-भाव खत्म हो गया ।परंतु असल जीवन में सब एक वहम है स्व संचालित जीवन में इसका प्रयोग कोई नहीं करता। निजिकरड़ता को जहां वे समाधान दिखाने की पेशकश कर रहे हैं। दरअसल वह एक समस्या है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है,बेरोजगारों के मुँह पर तमाचा है। युवाओं ने सोचा था कि नयी सरकार नये मंसूबों के साथ तरक्की के काम करेगी परंतु यहां तो बस इन्हें दूसरी सरकारों पर कीचड़ उछालने के सिवाय कुछ आता ही नहीं यदि कोई विरोध करे तो उसको देशद्रोही बता दिया जाता है लाखों युवा जो सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे थे वे अब क्या करें? -पूछता है युवा प्राइवेटाइजेशन में दलाली का पैसा कहाँ से लाए ? -पूछता है युवा जो रेलवे की तैयारी इस भरोसे कर रहे थे कि नौकरियां निकलेंगी तो परीक्षाये देंगे ,अब उस तैयारी का क्या करें ?-पूछता है युवा गरीब ट्रेनों में कैसे यात्रा कर पाएंगे?- पूछता है भारत किसानों को कब न्याय मिलेगा ?-पूछता है भारत वर्तमान सरकार को बता दें जिस व्यापी एजेंडे पर वो काम करना चाहती है ,उसमें नकल के लिए अक्ल चाइए होती है। सिर्फ जुमलों से कम नहीं चलता करके भी दिखाना पड़ता है।

**पल्लवी राहुल**
**( ज़िला -इटावा)**

## संयुक्त राष्ट्र के 75 साल: बेहतर दुनिया के लिए

सवाल यह है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव के इस अति महत्वपूर्ण प्रस्ताव को दुनिया के नेता कितनी गंभीरता से लेते हैं। दुर्भाग्यवश, इसका जवाब संयुक्त राष्ट्र महासभा की इस बैठक में ही मिल गया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस आह्वान के सर्वथा विपरीत तेवर अपनाते हुए कोरोना महामारी का पूरा दोष चीन पर मढ़ दिया और कहा कि सबसे पहले उसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 75 साल पूरे होने के मौके पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने ठीक ही चेताया कि आज दुनिया एक ऐसे अंधे मोड़ पर खड़ी है, जहां से आगे बढ़ने के लिए असाधारण एकता और विश्व स्तरीय साझा प्रयास की जरूरत है। द्वितीय विश्वयुद्ध का विध्वंसक रूप देखने के बाद शांति के जिस सपने को साकार करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया गया था, वह इस रूप में कमोबेश सफल कहा जा सकता है कि इन 75 वर्षों में दुनिया ने युद्ध चाहे जितने और जैसे देखे हों, तीसरा विश्वयुद्ध नहीं देखा। लेकिन जैसी चुनौतियां अभी हमारे सामने हैं, उन्हें देखते हुए यह चिंता लाजमी है कि मनुष्य समाज कोरोना जैसी भीषण महामारी और उससे पैदा हो रही आर्थिक समस्याओं से जल्दी पार पा जाएगा, या इनसे मुंह चुराने की कोशिश में कुछ और भी ज्यादा भयानक समस्याएं अपने सामने खड़ी कर लेगा। गुतरेस ने बिल्कुल ठीक कहा कि ये ऐसी चुनौतियां नहीं हैं जिनसे हर देश अलग-अलग निपटने की योजना बना सके।



## चाइल्डलाइन ने किया बच्चों की सुरक्षा व कोरोना संक्रमण से बचाव के बारे में जागरूक

### 7 जरूरत मंद परिवारों को पहुचाया राशन

**श्योपुर ब्यूरो।** महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा संचालित चाइल्डलाइन टीम द्वारा जिले व गांव - वर्धाबुर्जग, कमालखेडली, पटेलपुरा की बस्तियों में जाकर वहा उपस्थित बच्चो व लोगो को चाइल्डलाइन के कार्यो, बच्चो की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य एवं कोरोना बीमारी से बचाव के बारे मे जागरूक किया गया। इस दौरान टीम सदस्यो द्वारा बच्चो की समस्याओ की जानकारी लेने पर ग्रामीणो द्वारा 7 ऐसे जरूरत मंद परिवारो के बारे में जानकारी दी गयी जिनके पास खाद्य सामग्री नही थी व उनकी स्थिति दयनीय थी। टीम सदस्य द्वारा मदद करते हुए इन जरूरत मंद परिवारो के लिये खाद्य सामग्री पहुचायी गयी इसके साथ ही ग्रामीणो को मास्क वितरित कर, घर से बहार जाते समय मास्क का उपयोग करने के बारे मे समझाया गया। इस दौरान चाइल्डलाइन समन्वयक विप्लव शर्मा, टीम सदस्य मनोज सोनी, गौरव आचार्य, सत्येन्द्र सिंह, कुलदीप शर्मा, राजेश मीणा, अनामिका पाराशर, सुमनलता श्रीवास्तव व प्रेमचन्द्र का सहयोग रहा।

## सफ़लता के शिखर से



जब डगर नापेंगे मंजिल पर पहुंचने की,तब डगर में अटकलें होंगी बड़ी।जब तू बढ़ाएगा कदम अपनी मंजिल को पाने के लिए,तब हर कदम पर मुश्किलें होंगी खड़ी।मुश्किल के दौर में कठिनाई की बहती अनगिनत दरिया मिलेंगी।जब करोगे पार इन बाधाओं की दरिया को,तब जाकर कहीं सफलता की जरिया मिलेंगी। सफ़लता के हर वक्त पर नियम सख्त होंगे बहुत।मंजिल के आखिरी शिखर पर शिक्षा के भक्त होंगे बहुत।उन भक्तों के उमड़े सैलाब से तुमको अकेले ही निकलना होगा।सूरज की तरह चमकने के लिए तुमको सूरज की तरह जलना होगा।

**सूरज की तरह जलना होगा।।**

**कवि - शिवम् यादव (हरफनमौला)**

**पता- लखीमपुर खीरी (यूपी)**

## खुल गया अब

अब समय न करें ज्यादा व्यर्थ
कोरॉना काल में न हो अब निराश
आपके आईआईटी का सपना पूरा करेगा
ये अपना
जहां अनुभवी शिक्षक हैं
शिक्षा का भंडार जहां है
जिसने दिया है बहुत आईआईटियन
वो अपना है।
अपने घर को बनाए संस्थान
कक्षा जैसा माहौल हैं
प्रश्न के साथ होता मजाक मस्ती
ये अपना एक हैं ।
का बात क्या करना
सब बच्चा यहां शिक्षकों का गुणगान करता
ये शिक्षक नहीं भगवान है
मंदिर से कम न है।
गरीब अमीर का बात नहीं करते
हुनर को वो चुनते है
जिसमें है जज़्बा कुछ करने का




उसको ये सड़क से ले आते
सा संस्था नहीं कहीं
यहां भगवान बसा करते हैं।
का हैं एक्स फैकल्टी
बस गांव का भी सफर करना था
छोड़ दिए इस संस्था को वो क्योंकि
हुनर का उगजागर करना था।
बिहार के पटना में है स्थित
टॉपरों का मांग है
लोगों के हुनर को उखेरना
का काम हैं
नहीं मिल रहा ऐसे तो
जाके तुरंत गूगल करो
संस्था का नाम है।

**'जन कुमार वर्मा, मुजफ्फरपुर बिहार**

## किसान विरोधी बिल वापस लेने के लिए किसानों ने किया आंदोलन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मोहन मांझी**



**गोहद-** केंद्र सरकार द्वारा किसानों के बिल के विरोध में गोहद के किसानों ने कृषि मंडी मैदान में जाकर धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार आर एल वर्मा को दिया आंदोलन पर किसानों ने बताया कि कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने किसान विरोधी बिल पारित किया था जो किसानों के हित में नहीं है किसानों को इस बिल द्वारा काफी हानि का सामना करना पड़ेगा यह बिल वापस सरकार द्वारा वापस लिया जाए और स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू की जाए एवं एमएसपी गारंटी लिख कर दी जाए दिल वापस ले लिया जाकर किसानों की मांग पूरी की जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो किसान संगठन अनिश्चितकालीन के लिए हड़ताल पर बैठेंगे इस मौके पर सतनाम सिंह राजदीप सिंह राघवेन्द तोमर इंदरपाल सिंह तोमर मलकीत सिंह नरोत्तम चौरसिया हरमीत सिंह प्यारा सिंह करू तोमर गुरविंदर सिंह गुरदास सिंह दविंदर सिंह सुखदेव सिंह प्रताप सिंह अमरीक सिंह अभिलाष गुर्जर बलजीत सिंह जीतू पटेल बीपी सिंह यश तोमर पिंकी उचाड़िया जावेद खान आदि लोग शामिल थे।

## वर्तमान के सबसे बड़े मुद्दों पर जोरदार बहस बाजी अंधेरे में तीर चलाने सरीखा है

इस समय के यह मुद्दे, कोविड - 19, भारत-चीन सीमा विवाद, बेरोजगारी, नया किसान बिल, इंडियन मीडिया, भारतीय शिक्षा प्रणाली, सुशांत मर्डर मिस्ट्री, रिया, कंगना, पायल, दीपिका आदि अपने आप में एक मिस्ट्री सरीखे हो गए हैं। मौजूदा समय के इन मुद्दों पर जबरदस्त बयान बाजियां देखने को मिल रही हैं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह मुद्दे काफी जोरदार तरीके से ट्रेंड करते नजर आए। मगर इन मुद्दों पर जोरदार बहस बाजियों का औचित्य अभी तक समझ से परे है, क्योंकि ज्यादातर लोग इन मुद्दों से अनभिज्ञ हां में हां मिलाते नजर आ रहे हैं, उन्हें तो यह भी नहीं पता कि मुद्दे की पारदर्शिता क्या है? यह ज्यादातर लोग अंधेरे में ही तीर चलाए जा रहे हैं। इन मुद्दों को लेकर ट्रेंड पर आरोप-प्रत्यारोप का ऐसा माहौल जारी है कि लगता है, दुनिया के राजनैतिक ज्ञाताओं का सबसे बड़ा दल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ही मौजूद हो। यह मुद्दे वास्तव में बड़े मुद्दे हैं, इन पर बहस व चर्चाएं बहुत अच्छी बात है, मगर सार्थक चर्चाओं के अभाव में यह मुद्दे नये-नये विवादों को जन्म देते जा रहे हैं और जनता आपस में ही दो गुटों में बटती नजर आ रही है। पक्ष व विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन इन सभी मुद्दों पर देखने को मिल रहा है, जबकि यह मुद्दे जब खुद बड़े-बड़े विशेषज्ञों के लिए एक रहस्य बने हुए हैं, तो आखिर यह अंधेरे में तीर चलाने वाली बहस बाजियां क्या इन मुद्दों को सुलझा पाएंगी? इन बे सिर पैर बहस बाजियों का आखिर औचित्य क्या है? इन मुद्दों पर जो वास्तव में एक रहस्य हों, उन पर अपना समय जाया करना और आपस में दो गुट बना लेना, समझ से परे है। मेरा जहाँ तक मानना है कि यह मुद्दे बिना छानबीन के हल होने वाले नहीं! इसका रहस्योद्घाटन मात्र चर्चाओं के माध्यम से कर पाना संभव नहीं है, अतः इस पर कार्यरत संस्थाओं को निष्पक्ष होकर कार्य करने देना ही बेहतर होगा, क्योंकि हमारी बहस बाजियां भी सर्वेक्षण में ध्यान भटकाने का कार्य करती ही हैं। जबकि हम जानते हैं कि कोरोना आपातकाल का मुद्दा पूरी दुनिया के सम्मुख एक रहस्य बना हुआ है, भारत-चीन सीमा विवाद आज का कोई नया मुद्दा नहीं है, परंतु बेरोजगारी, किसान बिल, शिक्षा हमारे लिए जरूर अहम मुद्दे हैं, मगर इस पर पारदर्शी चर्चाओं के बजाय आरोप-प्रत्यारोप का दौर समझ से परे है। बाकी रही सुशांत मर्डर मिस्ट्री की बात तो उसे सीबीआई हैंडिल कर ही रही है, जो काफी हद तक रहस्य से पर्दा भी उठा चुकी है, तो इस मुद्दे पर हमारी बहस बाजियां जो अंधेरे में तीर चलाने जैसी हैं, उसका क्या औचित्य? यह सभी मुद्दे बहस बाजियों के नहीं, बल्कि विचार-विमर्श के मुद्दे हैं, जिन पर सरकारी कार्यवाहियों को देखते हुए ही उसके सार्थक पहलू पर विचार रखना, मुद्दे के रहस्योद्घाटन में मददगार साबित हो सकता है। अतः मुद्दों पर अंधेरे में तीर चलाने से बेहतर है कि हम राष्ट्र के हित में सहयोगी बनें और अपनी सार्थक विचारधाराओं को राष्ट्र के विकास में लगाएं तथा निष्पक्ष मांग पर आवाज उठाएं, तभी एक बेहतर राष्ट्रवाद का जन्म होगा।

**मिथलेश सिंह मिलिंद**
**मरहट पवई आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)**

## मन की बात



कहने की आजादी दे दी तुमने,
कभी उसे सुना भी करो,
उड़ने को कहते हो तुम,
फिर जंजीर भी खोला करो,
एक बुराई मिटाने की बात
करते हो तुम,
पहले अपनी नजरे तो साफ
किया करो,
और बात बात पर गालियां देते हो तुम,
अपनी लडाई मे माँ बहन का नाम लेते हो तुम,
अरे अब छोड़ो तुमसे न होगा,
समाज और कानून को दोष देते हो तुम,
जाओ पहले खुद का नाम करो,
फिर किसी को बदनाम करो,
और समाज सुधारने की बात करते हो तुम,
पहले खुद के गिरेबान को तो साफ करो,
चलो मान लिया तुम कहते हो तो मान लिया,
कि तुम शरीफ हो,
अपनी बहन को तो घर से निकलने नही देते,
दूसरे की बहन के पीछे फिर क्यूं बाइक मोड़ते हो,
दूसरो की बीवी से हंस कर बात करते हो,
फिर अपनी बीवी पर क्यूं रोक लगाते हो,
कहते हो सम्मान करते है हम नारी का,
फिर क्यूं कटघरे मे खड़ा कर उसे नीचा दिखाते हो,
बाते तो बड़ी बडी करते हो,
कभी उन बातो को असल मे किया करो,
सम्मान करते है हम ये नही चलेगा,
असल मे भी सम्मान करो,
कहने की आजादी दी है तो,
उसे सुना करो.....

**साक्षी देवांगन**
**मनेन्द्रगढ कोरिया छत्तीसगढ**



वो मन ही मन में घुटता है
वो किसी को न कुछ कहता है..
दूसरे शहर मे भी माँ तेरी पल
पल की खबर रखता है
पता है अब वो
बिना अलार्म के उठता है
सिर्फ पिता की डांट फटकार
मिस करता है..
महीने की शुरुआत मे कैलेंडर टटोलता है
घर जाने के लिए अधिकारियो के आगे पीछे दौड़ता है..
दूर शहर मे बैठा वो
दिमाग़ मे ऑफिस का लोड और
दिल मे परिवार की यादें लिए
कभी कभी रो देता है
अब वो अकेले सब सह लेता है..
दोस्तों का टिफिन चुराता था पहले,अब माँ के हाथ
के खाने के लिए तरसता है
पहले खाँसी जुखाम होने पे सारा घर सिर पे उठा लेता था
अब बिना दवा के ही काम चला लेता है..
हाँ तबियत खराब होने पे
घर को बहुत याद करता है
गली मोहल्ले की याद आती है उसे अब हर रविवार
पर कपड़े धोने इस्त्री करनी बस इसी में चला जाता
है रविवार..
जो मिला खा लेता है
और कभी कभी थका हारा भूखा भी सो लेता है..
पर माँ की दवाई, घर के सारे काम
आज भी वो सब याद रखता है
छुटियाँ मिलते ही घर पहुंचता,
और वापस जाने का समय भी आ जाता
डिब्बे भरे माँ के प्यार से,ज़ेब भरी पिताजी की
सलाहों से..
और चुपचाप से विदा हो जाता
दूर शहर मे बैठा वो अब अकेले सब सह लेता है।

**गुंजन स्वामी, कनिष्ठ लिपिक,**
**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

## ये आजकल के लड़के



हरवक्त फ़ोन पे चिपके रहते !
फेसबुक इंस्टा पे एक्टिव रहते,
फ़ोन से पढ़ने का बहाना करते,
काम के लिए अगर कोई कहे !
तो अमरीश पूरी के जैसे भड़के
हाय ये आज कल के लड़के !
स्टेटस ग़म भरे ऐसे लगाते !
जैसे हो ये मजनु के मामा !
दोस्ती की मिशाल ऐसे देते
जैसे हो कृष्ण के मित्र सुदामा
लगता है ऐसे जैसे इश्क में
शामों शहर हर वक्त तड़पे !
हाय ये आजकल के लड़के !
स्मार्ट फोन को आदत बना रहे !
फोन को खुद पे हावी बना रहे !
डिप्रेशन के सब शिकार हो रहे !
अंधेपन को खुद निमंत्रण दे रहे !
प्यार से माँ बाप समझाये तो
नाराज़ होके सोते है कुंदी जड़के !
हाय रे ये आज कल के लड़के !!
सड़को पर बाइक लहराते !
अजब गजब एक्शन दिखलाते !
हाइ स्पीड में वहीकल चलाते !
खुद गिरकर औरों को गिराते !
और गिरकर सड़को पे तड़पे !
हाय ये आज कल के लड़के !
अपने सपनो को बर्बाद कर रहे !
दुसरो के सिपहसालार बन रहे !
खुद का अता पता ही नहीं है !
और दुसरो को भरपूर ज्ञान दे रहे !
अपने वक्त के साथ करते है !
सब का वक्त खराब ये लड़के !
हाय ये आज कल के लड़के !!

**भगवान सिंह चारण, डीडवाना, राजस्थान**

## अपनी-अपनी बात

### व्हाट्सएप का झोल खुल गई पोल



आजकल अंग्रेजी के डी का महत्व बहुत हो गया है डिजिटल जमाने में हाल-चाल भी कैद हो गए हैं, अब कैसे हैं हम? कैसे बताएं? और खुद को हम कैसे दिखाएं व्हाट्सएप बाजार है यहां तो खुल गई पोल और बज गया बाजा वाला सभी का हाल है चुगलखोर आंटी के बारे में पुराने जमाने की फिल्मों में पड़ोसियों को देखा था परंतु आज तो हाथों में ही चुगलखोर अंकल विराजमान है बड़ी ही बारीकी से गड़े मुर्दों को उखाड़ रहे हैं ,अपनी अदाकारी से सबका दिल जीत कर फिल्म में खलनायक की भूमिका का रोल अदा कर रहे हैं और सब तरफ झोल ,पोल और रायता जी खोलकर बांट रहे हैं, व्हाट्सएप अंकल डी. का महत्व हमें नित समझा रहे हैं7 ब्लॉक को अनब्लॉक कर बाजार अपना चमका रहे हैं,बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी शीर्षासन की योग मुद्रा में हैं हाथों में अंकल कब नाराज हो जाएं डी सा खुलासा कर बैठे इसका गणित लगाकर व्हाट्सएप लिंक फॉलो कर रहे हैं,बड़ा अजब माहौल कल जो नाम ए बी सी डी से जो दिमागी रोल में फिट किया था जो तुम ए ,बी, सी,डी से बचा लिया थ, वह फुल टू फराम मुद्रा में पूरा परिचय ,दवा ,दारू, टिकट सब तोते की तरह टैरो कार्ड निकाल रहा है 7व्हाट्सएप अपने जमीनी स्तर पर आकर झोली खोलकर हाथों से शब्द बांट रहा है ,डी से सबक और डब्लू से हाल-चाल देकर जी को संतुष्ट कर रहा हूं बाल सफेद हैं या काले तुमने खाना खाया? तो तुम सामान लाए या नहीं ? व्हाट्सएप से है जो झोल पोल खोल के बावजूद हमारे अंदर से बाहर तक का ख्याल रख रहा है और डिजिटल हाल रखा चाल का आईना बिल्कुल साफ दिखा रहा है ।

**प्रिंस रस्तोगी**
**सादतगंज लखनऊ**

### देश की खातिर



इस देश की खातिर ,
हमको मिलकर चलना है ।
अंधियारी गलियों में भी ,
प्रकाश सूर्य का भरना है ।
पीड़ा में है देश मेरा ,
सबके समक्ष यह प्रश्न खड़ा ।
इस महामारी से कैसे जूझा जाऐ ,
थमते जीवन की भयंकर है पीड़ा ।
समस्याओं से हर कोई है जूझ रहा ,
पेट की अग्न अब कौन बुझाऐ ।
रोजगार चौपट है ऐ सोच रहा ,
बंद पड़े चूल्हों को आखिर अब कौन जलाऐ।
अमीरों को क्या है चिंता ,
मरती तो आम जनता है ।
आज बसर करना है मुश्किल ,
कल क्या होगा इसका ही तो रोना है ।
इस पीड़ा से मुक्ति पाएँ कैसे,
मिल कर हल सभी खोजो अब ।
हम सभी को आत्मनिर्भर होना होगा,
देश का विकास तभी होगा अब ।

**रश्मि वत्स**
**मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

### प्रायश्चित



कहीं बाहर जाते समय सामने आकर खड़ी हो जाती हो।ये समझ में नहीं आता है कि तुम अपूर्णता की श्रेणी में आती हो?अंधी कहीं की। भुनभुनाती हुई निकल गयी।बेचारी अंधी,पिता ने तो सुन्दर नाम रखा था-कलावती।जन्म लेते ही माँ चल बसी।कलावती की परवरिश के लिए पिता ने दूसरी शादी की,लेकिन हुआ उल्टा।उसकी परवरिश की जिम्मेवारी दादी पर आ गयी।परमात्मा ने भी सुख-दुःख का बँटवारा करते समय इसके हिस्से में दुख-ही दुख दे दिया था।तीन साल की उम्र में आँखों की रोशनी चली गयी।तबसे लेकर आज तक निर्दोष होते हुए भी उपेक्षा की शिकार होती रही।प्रमिला उसकी सौतेली बहन थी,जो खूबसूरत और पढ़ी-लिखी होने के साथ-साथ अहंकार के आभूषण से पूर्णतः सुशोभित थी।उसके सामने कलावती का कोई अस्तित्व ही नहीं था।जब भी मौका मिलता उसे जली-कटी सुना ही देती थी।समय के साथ कलावती की शादी हुयी।यहाँ भी तकदीर उससे रूठी रही।और बाँझ का खिताब मिल गया।ससुराल में भी ताने सुनने को मिलने लगे।प्रमिला को एक और नया नाम मिल गया-बाँझ। वक्त ने करवट लिया और कलावती माँ बनी।प्रमिला भी अपने ससुराल में रहने लगी। लेकिन कलावती के दुखों का अंत कहाँ था? पति भी असमय चल बसा।कलावती इस दुख को अधिक दिन सहन नहीं कर सकी और नन्हें प्रसून को अकेला छोड़ पति के पास चली गयी। कलावती की मौत प्रमिला के लिये एक बड़ा झटका था।उसे उससे माफी मांगने का भी मौका नहीं मिला। अपने अहंकार की सजा उसे मिल गयी । सब कुछ होते हुए भी वह माँ नहीं बन सकती थी।उसे अपनी गलतियों का एहसास हो चुका था।कलावती दीदी को याद कर अन्दर-अन्दर घूटती रहती थी।कहती भी तो क्या और किससे? प्रायश्चित करना चाहती थी।उसकी गलती माफी के लायक तो नहीं थी,पर उम्मीद थी कि शायद दीदी की आत्मा उसे माफ कर दे। उसने प्रसून को कानूनी तौर पर गोद ले लिया।अब प्रसून उसके जीने का सहारा बन गया।

**स्वरचित**
**पुष्पा पाण्डेय ।**
**राँची, झारखंड**

### //आलीशान मस्ज़िद//



आज बातें ही कुछ
ऐसी हो रही हैं।
रामबाई, रमोतीन, रमला,
धमेले से मसाला ढो रही हैं।
राजू, राजेंदर, लियाकत,
छत को पलस्तर कर रहे हैं।
डिसूजा साहब चस्मा पहन
ड्राइंग फाइल निहार रहे हैं।
एकता की छाती आज
गर्व से तन रही है।
नानक नगर के अम्बेडकर चौक में
आलीशान मस्ज़िद बन रही है

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
**घोटिया-बालोद ( छ.ग. )**

# दर्शकों को पसंद आने वाले नए कंटेंट को तलाशने में व्यस्त एकता



टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर लॉकडाउन के समय भी कई परियोजनाओं पर काम करने में व्यस्त थीं। एकता ने इस दौरान भी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर एक फिल्म और एक वेब शो रिलीज किया है। एकता लॉकडाउन के तुरंत बाद सभी आवश्यक मानदंडों और सावधानियों के साथ लाइट, कैमरा, एक्शन के लिए तैयार थी। कंटेंट क्रिएटर ने हाल ही में अपने बहुप्रतीक्षित वेब शो ब्रोकन बट ब्यूटीफुल का ट्रेलर रिलीज किया है जिसने सभी प्रशंसकों को अधिक प्रत्याशित कर दिया है। वही, पिछले शुक्रवार को, उन्होंने एक अन्य सुपरहिट शो दिल ही तो है का तीसरा सीजन और फिल्म डॉली किटी और वो चमके सितारे को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया है। एकता लगातार दर्शकों को पसंद आने वाले नए कंटेंट को तलाशने में व्यस्त है। वह सभी प्लेटफार्म पर, विशेष रूप से ओटीटी पर छाई हुई हैं और सभी फॉरमेट में अपना कंटेंट रिलीज कर रही हैं, इतना ही नहीं, इस लॉकडाउन में सीमित संसाधनों के साथ भी फिल्में या शो सहित मनोरंजन कर रही हैं। एक तरफ जहां निमार्ता प्रोजेक्ट्स के लिए संघर्ष कर रहे हैं, एकता कपूर परियोजनाओं और ताजा कंटेंट के साथ धूम मचा रही हैं। कंटेंट कंसम्पशन में उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए, एकता ने दर्शकों की पसंद को बखूबी परख लिया है और उन्हें कस्टम मेड कंटेंट प्रदान कर रही हैं। चाहे वह फिल्में हों, वेब शो हों या टीवी सीरियल वह पूरी तरह से अपने काम में व्यस्त हैं।

# ऐ मेरे हमसफर के लिए वजन घटा रहे अभिनेता अचर भारद्वाज



अचर भारद्वाज ने मार्च में अपने गृहनगर चंडीगढ़ जाने का फैसला किया। इसके बाद जो हुआ, वह था लॉकडाउन। मुंबई में अपने नियमित जीवन से थोड़ा ब्रेक लेते हुए, अचरर का वजन बढ़ गया। उसी दौरान उन्हें दंगल के हाल ही में शुरू हुए धारावाहिक ऐ मेरे हमसफर में लखन कोठारी की भूमिका की पेशकश की गई थी। भूमिका के लिए उन्हें तेज और फिट दिखने की आवश्यकता थी और साथ ही कोई ऐसा व्यक्ति भी जो जीवन में बड़ा बनाना चाहता हो, जैसे कि नीलू वाघेला द्वारा अभिनीत उनकी बेहद सम्मानित उद्यमी माता प्रथिबा देवी। टीना फिलिप द्वारा निभाई गई विधी शर्मा की ही तरह, लखन भी आईएएस में अपना करियर बनाने की ख्वाहिश रखते थे, लेकिन नियति ने उन्हें इस बार अपना रास्ता नहीं बनाने दिया।

इस लॉकडाउन के दौरान और मुंबई लौटने से पहले उन्होंने 30 दिनों में 10 किलोग्राम वजन कम करने की चुनौती ली। उन्होंने एक आहार का पालन किया जो स्थानीय था और लखन कोठारी की भूमिका के लिए उनके स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया।

ऐ मेरे हमसफर में अपनी भूमिका की तैयारी पर, अचरर भारद्वाज ने कहा, मैं लॉकडाउन के दौरान चंडीगढ़ में था और इस दौरान लखन कोठारी की भूमिका मुझे ऑफर की गई थी। मुझे एहसास हुआ कि मुझे किरदार में फिट होने के लिए काम करना होगा लेकिन पूरी तरह से लॉकडाउन था और यहां तक कि जिम भी बंद थे। मेरे पास कोई प्रशिक्षण उपकरण नहीं था इसलिए मैंने साइकिल चलाना शुरू किया और खेती शुरू की। खेती काफी बढ़िया कसरत है। इसने मुझे वास्तव में वजन कम करने और लखन कोठारी के चरित्र में फिट होने में मदद की। लखन का चरित्र अतीत में मेरे द्वारा निभाए गए पात्रों से काफी अलग है। वह महत्वाकांक्षी है, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि उसके पास एक अच्छी सामाजिक स्थिति है। हालांकि मुझे लखन का किरदार निभाते हुए एक महीना हो गया है लेकिन मैं अभी भी हर गुजरते दिन के साथ उनके किरदार के बारे में अधिक सीख रहा हूं। दंगल के ऐ मेरे हमसफर में लखन कोठारी के रूप में अचरर भारद्वाज को अपने नए अवतार में देखें। ऐ मेरे हमसफर एक महत्वाकांक्षी विधी शर्मा की कहानी है जो उन चुनौतियों के बावजूद आईएएस अधिकारी बनने पर दृढ़ है जो जीवन उसका मार्ग प्रशस्त करती हैं।

# इरफान को अपना मेंटर मानते हैं अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्धिकी



बॉलिवुड में इस समय अगर कुछ सबसे बेहतरीन अभिनेताओं का नाम लें,तब उसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम भी रखा जाएगा। नवाजुद्दीन ने अभी तक अपने अलग-अलग किरदारों से खुद को साबित किया है। हाल में नवाज ने अपनी फिल्मों, बॉलिवुड के सफर, साथी अभिनेता , इरफान खान और नेपोटिजम की बहस, सभी पर खुलकर बात की। नवाजुद्दीन ने कहा कि उनका लॉकडाउन बहुत बढ़िया गुजरा। वह मसूरी के एक शानदार रिजॉर्ट में रह रहे थे। वहां पूरे दिन फिल्म देखते हैं और एक्सरसाइज करते रहे। नवाज का कहना है कि वह उस वक्त का इंतजार कर रहे थे ताकि खुद के लिए कुछ समय निकाल सकें। नवाजुद्दीन ने दिवगंत अभिनेता इरफान खान के साथ काफी काम किया था। वह आज भी इरफान को अपना मेंटॉर मानते हैं। नवाज का कहना है कि उनके करियर में भी इरफान ने काफी मदद की थी। नवाज ने बताया कि उनकी और इरफान की साथ में की हुई कई फिल्में रिलीज ही नहीं हुई हैं। नवाज ने बताया कि जब भी वह किसी परेशानी में होते थे,तब वह इरफान से सलाह लिया करते थे। नवाज का कहना है कि निर्द्रेशक अनुराग कश्यप के साथ उनकी ट्यूनिंग बेहतरीन है। हाल के दिनों में बॉलिवुड में चल रही नेपोटिजम की बहस पर नवाज कहते हैं कि उन्हें ऐसा कभी नहीं लगा कि वह बॉलिवुड में बाहरी हैं। उन्होंने कहा कि नेपोटिजम हर जगह मौजूद है लेकिन इसके लिए ऑडियंस सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। नवाज ने कहा कि हर बाप चाहता है कि उसका बेटा या बेटी ही आगे बढ़े लेकिन फिर भी लोग बाहर से आकर यहां काम कर रहे हैं और अपनी पहचान बना रहे हैं इसलिए यह बहस बंद होनी चाहिए। नवाजुद्दीन ने कहा कि आजकल बॉलिवुड को एक बेहद ही खराब जगह बताया जा रहा है जोकि गलत है। उन्होंने कहा कि बॉलिवुड में सभी लोग अपने विचार खुलकर सामने रखते हैं। लेकिन अगर फिल्म इंडस्ट्री के बारे में केवल खराब बातें ही कही जाएंगी तो बॉलिवुड में आने वाले नए टैलेंट अपने कदम पीछे खींच लेगा। नवाज ने कहा कि जैसी बातें बॉलिवुड के बारे में बोली जा रही हैं उससे तो लोग यही समझेगा, बॉलिवुड में तो मर्डर होते हैं, ड्रग्स लेते हैं, गांजा पीते हैं।' इसलिए ये इनसाइडर-आउटसाइडर और नेपोटिजम की बहस बंद होनी चाहिए।

# फिटनेस को लेकर बोली मानुषी



पूर्व मिस वर्ल्ड व अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने फिटनेस को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा कि उनके लिए फिटनेस संतुलन पाने के बारे में है और यह वास्तव में एक निजी अनुभव है क्योंकि हर शख्स का फिटनेस को लेकर अपना मकसद होता है। मानुषी ने कहा कि मेरे लिए, फिटनेस अपने संतुलन को पाने के बारे में है। यह एक बेहद व्यक्तिगत और निजी अनुभव है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का अपना फिटनेस लक्ष्य होता है। मुझे चीज केक पसंद है और मुझे मशीन की तरह ट्रेनिंग करना पसंद है ताकि मैं इसका आनंद ले सकूं।₹ उन्होंने कहा कि सोसाइटी को बहुत पतले लोगों को फिट मानकर ज्यादा सराहना नहीं चाहिए क्योंकि यह विचार अवास्तविक फिटनेस उद्देश्य को बढ़ावा देता है।

## अनन्या ने सेट पर सबको चौंकाया

# खाली पीली में किया एक्शन शैली प्रयोग



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी फिल्म 'खाली पीली' में एक्शन शैली का पहली बार प्रयोग किया है। फिल्म के एक्शन डायरेक्टर परवेज शेख ने शेयर किया कि कैसे अनन्या ने बॉडी डबल का उपयोग किए बिना, कैमरे पर अपनी एक्शन परफॉर्मेंस से पूरी यूनिट को चौंका दिया था। परवेज ने कहा, जब हमने इसे बनाने का फैसला किया था तब 'खाली पीली' एक एक्शन फिल्म नहीं थी लेकिन जैसे-जैसे हम शूटिंग के साथ आगे बढ़ते गए, हमने कुछ एक्शन सीक्वेंस करने का फैसला किया।

फिल्म में अनन्या की परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अनन्या का एक विशेष एक्शन सीन था, जिसमें मुझे लगा यह उनसे नहीं हो पाएगा क्योंकि यह दृश्य एक फ्री रन के साथ शुरू होता है, जिसके बाद सिंगल शॉट में गुंडों पर कूदना होता है। यदि यह गलत हो जाता, तो कंधे के टूटने या गर्दन में फ्रैक्चर होने की बहुत अधिक संभावना थी, लेकिन उन्होंने अप्रत्याशित रूप से एक्शन के साथ सभी को चौंका दिया जिसकी झलक ट्रेलर में देखी जा सकती है। जब खाली पीली की पूरी यूनिट ने अभिनेत्री के लिए ताली बजाई थी, उसको याद करते हुए एक्शन डायरेक्टर ने कहा, क्लाइमेक्स में एक अन्य एक्शन सीक्वेंस है जिसे एक हार्नेस की मदद से किया जाना था और अनन्या ने एक बार फिर से परफेक्शन के साथ एक्शन किया और पूरी यूनिट ने उनके लिए ताली बजाई क्योंकि यह एक इंटेंस सीन था जहां उन्हें उड़ना था और कार पर खुद को ढकेलना था और यह भी सुनिश्चित करना था कि कार का कांच टूट कर नीचे गिरना चाहिए। आम तौर पर, बॉडी डबल द्वारा यह किया जाता है लेकिन अनन्या ने इसे अपने ऊपर लिया और परफेक्शन के साथ यह सीन किया। अनन्या वर्तमान में दीपिका पादुकोण और सिद्धान्त चतुर्वेदी के साथ शकुन बत्रा की आगामी फिल्म के लिए गोवा में शूटिंग कर रही हैं और इसके बाद वह विजय देवरोकोंडा के साथ 'फाइटर' नामक अपने पहले पैन-इंडिया प्रॉजेक्ट पर काम करेंगी। अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी बैक टू बैक दो दमदार कैरेक्टर और फिल्मों में काम को लेकर काफी सुर्खियों में हैं।

# पायल घोष बोलीं थीं- बॉलिवुड में नहीं होता रेप, पुराना ट्वीट हुआ वायरल



हाल में ऐक्ट्रेस पायल घोष ने डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद वह लगातार चर्चा में हैं। लेकिन इसी बीच उनका एक अक्टूबर 2018 का ट्वीट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बॉलिवुड में कोई भी रेप नहीं करता है। पायल का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गया है और इसके बाद उन्हीं पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अपने इस ट्वीट में पायल ने लिखा था, 'यहां कोई रेप नहीं करता है। वह चांस मारने की कोशिश करते हैं, अगर आप कंफर्टेबल नहीं हैं तो आगे बढ़ जाइए। इतना ड्रामा बनाने की जरूरत नहीं हैं। पायल के इस ट्वीट का स्क्रीनशॉट जमकर शेयर किया जा रहा है और उन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वैसे पायल ने कहा है कि वह सोमवार को अनुराग कश्यप के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने जा रही हैं। अनुराग कश्यप ने भी अपनी वकील के जरिए अपना स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा है कि वह इन आरोपों पर कानूनी कार्रवाई करेंगे। अनुराग पर लगे इन आरोपों के बाद उनकी दोनों पूर्व पत्नियां और बॉलिवुड के अनेक सिलेब्रिटीज उनके सपोर्ट में सामने आए हैं। मीडिया से बात करते हुए पायल ने कहा था कि वह 5 साल पहले अनुराग कश्यप से मिलने उनके घर पर गई थीं। पायल का आरोप है कि अनुराग ने वहां पर उनके साथ जोर जबरदस्ती की कोशिश की थी। इस आरोप के बाद पायल घोष के सपोर्ट में कंगना रनौत सामने आई हैं।

# समाज में पॉजिटिव बदलाव लाने के लिए किया काम



विश्व के सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों की सूची में टाइम मैगजीन द्वारा शामिल बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना ने कहा कि सिनेमा द्वारा समाज में पॉजिटिव बदलाव लाना हमेशा से उनका लक्ष्य रहा है। मालूम हो कि खुराना ने रियलिटी शो में कंटेस्टेंट के तौर पर शुरूआत की थी और तब से उन्होंने लोकप्रिय टीवी कार्यक्रमों के संचालन से लेकर फिल्मों तक कई भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने बॉलीवुड में 2012 में 'विकी डोनर' से कदम रखा और बाद में उन्होंने 'दम लगा के हईशा', 'बरेली की बर्फी', 'शुभ मंगल सावधान', 'बधाई हो' और 'आर्टिकल 15' जैसी सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों से खुद को स्थापित किया। खुराना ने कहा कि उनका मानना है कि सिनेमा में इतनी शक्ति है कि इसके द्वारा समाज में लोगों के बीच सही मुद्दे उठाकर बदलाव लाया जा सके।उन्होंने एक बयान में कहा, "एक कलाकार के तौर पर, मैंने सिनेमा के माध्यम से समाज में पॉजिटिव बदलाव लाने के लिए काम किया है। यह क्षण मेरी मान्यताओं और विचारों को पुष्ट करता है।"

# बॉलीवुड की सबसे फिटेस्ट एक्ट्रेस में से एक हैं करीना कपूर खान



## 40 की उम्र में भी जिम में पसीना बहाती हैं, डाइट का रखती हैं ध्यान

**करीना कपूर खान बॉलीवुड की सबसे फिट और स्लिम हीरोइनों में से एक मानी जाती हैं। करीना कपूर खान की फिटनेस का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह अपना एक रुटीन फॉलो करती हैं, जिसमें एक्सरसाइज और डाइट दोनों शामिल हैं। करीना कपूर की डाइट का खुलासा वह कई बार खुद सोशल मीडिया और इंटरव्यूज में कर चुकी हैं।**

40 की उम्र में भी करीना कपूर खुद फिट रखने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाती हैं। इतना ही नहीं, फिट एंड फाइन रहने के लिए वह अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखती हैं। अपनी इन्हीं आदतों के चलते उन्होंने बेबी तैमूर को जन्म देने के 2 महीने बाद आसानी से वजन घटाने की भी खबरें सामने आई थी। उनके फैंस उनके अभिनय के साथ उनके फिटनेस मंत्र के भी कायल हैं और ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं, जो उनकी जैसी स्लिम बॉडी पाना चाहती हैं। करीना कपूर के दूसरी प्रेगनेंसी की घोषणा के बाद उनकी न्यूट्रिशनिस्ट ऋजुता दिवेकर ने करीना कपूर का डाइट प्लान और वर्कआउट रुटीन शेयर किया था। करीना कपूर खान एक बेटे को जन्म दे चुकी हैं। करीना फिटनेस के लिए कई एक्सरसाइज और योगा करती हैं। इसमें सूर्य नमस्कार से लेकर कई योगापोज शामिल होते हैं। करीना कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आने वाली हैं।



दैनिक पुष्पांजली टुडे



# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह आज हुए 88 साल के

**नई दिल्ली।** 2004-2014 के बीच गठबंधन सरकार चलाने वाले दिग्गज कांग्रेसी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह आज 88 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री बनने से पहले, उनका सबसे उज्ज्वल क्षण 1991 में नरसिम्हा राव सरकार के तहत आर्थिक सुधारों में था। वह राव के वित्त मंत्री थे।1991 के बजट में एक के बाद एक आधुनिक भारत और देश में आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने के रोडमैप की नींव मनमोहन सिंह ने रखी। हालांकि, मनमोहन सिंह कभी अपने बॉस पीवी नरसिम्हा राव के साथ क्रेडिट साझा करने से नहीं कतराये। आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने के बारे में और नरसिम्हा राव के बारे में मनमोहन सिंह ने कहा था, यह एक कठिन विकल्प और एक साहसिक निर्णय था और यह संभव था क्योंकि प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने मुझे चीजों को रोल करने की स्वतंत्रता दी थी, क्योंकि उन्होंने उस समय भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में पूरी तरह से समझा था।

**मनमोहन सिंह के जीवन से जुड़ी खास बातें**



मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर, 1932 को भारत के विभाजन से पहले पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हुआ था।

उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। बाद में उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय के साथ-साथ दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाया।

डॉक्टर मनमोहन सिंह ने यूपीए द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को हराने के बाद 2004 से 2014 के बीच भारत के 13 वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने 1998 से 2004 तक राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया।

मनमोहन सिंह ने 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में भी कार्य किया।

मनमोहन सिंह ने 1972 और 1976 के बीच मुख्य आर्थिक सलाहकार सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जबकि उन्होंने 1985 से 1987 तक योजना आयोग के प्रमुख थे।

उन्होंने 1966 - 1969 के बीच संयुक्त राष्ट्र के साथ व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के लिए आर्थिक मामलों के अधिकारी के रूप में भी काम किया। 1987 से 1990 तक संयुक्त राष्ट्र में उनका दूसरा कार्यकाल दक्षिण आयोग के महासचिव के रूप में था, जो विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी संगठन है। वह वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं।

# दीपिका से आज 6 घंटे तक हुई पूछताछ, सारा और श्रद्धा से जारी है एनसीबी के सवाल



**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स एंगल की जांच करने के लिए आई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की एंट्री ने बॉलीवुड में ड्रग्स के धंधे को उजागर कर दिया है। ड्रग्स मामले में अब एनसीबी की रडार पर बॉलीवुड के बड़े-बड़े स्टार्स हैं, जिनमें से अब कुछ नाम सामने आ गए हैं। सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स केस में रिया चक्रवर्ती की गिरफ्तारी के बाद अब दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, श्रद्धा कपूर और रकुल प्रीत सिंह जैसी फिल्म अभिनत्रियों के नाम इसमें आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने एनसीबी पूछताछ के दौरान ड्रग्स चैट की बात मान ली है। ड्रग्स के रैकेट का पर्दाफाश करने के लिए एनसीबी ने आज दीपिका पादुकोण, सारा अली खान और श्रद्धा कपूर को पूछताछ के लिए बुलाया था। ये तीनों अभिनेत्रियां आज यानी शनिवार को जांच में शामिल होने पहुंची। अभी जो खबर मिल रही है वो ये है कि दीपिका पादुकोण से पूछताछ खत्म हो गई है। एनसीबी ने लगभग 6 घंटे तक उनसे पूछताछ की है। पूछताछ खत्म होने के बाद दीपिका अपने घर के लिए रवाना हो गई हैं। बता दें कि शुक्रवार को रकुल प्रीत सिंह से चार घंटे तक पूछताछ हुई थी।



## शादी के दिन पति से 80 हजार रुपये वसूलकर दुल्हन हो गई फरार, 9 महीने बाद...

**उज्जैन।** शादी के अगले ही दिन भाग निकलने वाली लुटेरी दुल्हन करीब 9 महीने बाद अपने असली पति के साथ पकड़ी गई। भागने से पहले वह शादी के नाम पर एक लाख रुपए का चूना लगा चुकी थी। अब 9 महीने बाद उसी दूल्हे ने अपनी उस लुटेरी दुल्हन को उसके असली पति और एक अन्य युवती के साथ पकड़ लिया। आरोपी किसी और को ठगने जा रहे थे। उज्जैन में रहने वाले बस कंडक्टर चंद्रशेखर मालवीय ने 9 महीने पहले आशा नाम की युवती से शादी की थी। यह शादी चंदर नागर नाम के मध्यस्थ ने करायी थी। शादी करने के लिए आशा ने चंद्रशेखर से 80 हजार रुपये वसूले थे। शादी के अगले दिन ही वह बहाना बनाकर भाग गयी। तब तक चंद्रशेखर उस पर कुल एक लाख रुपए खर्च कर चुका था। धोखाधड़ी का शिकार हुए दूल्हे और उसके परिवार ने नानाखेड़ा थाने से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक से शिकायत की, लेकिन लुटेरी दुल्हन का कोई सुराग नहीं मिल पाया। संयोग से चंद्रशेखर को ही वह एक बस में बैठी दिख गयी। उसने फौरन पुलिस को खबर दी। पुलिस ने महामृत्युंजय द्वार पर बस को रूकवाकर उसमें सवार दुल्हन और उसके साथ आई एक युवती और युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसके साथ पकड़ा गया युवक इस लुटेरी दुल्हन का असली पति है। पति-पत्नी फिर किसी को शादी के चंगुल में फंसाने जा रहे थे। पुलिस ने जब लुटेरी दुल्हन को पकड़ा तो वह फूट-फूट कर रोने लगी। वह अपने किए पर पछता रही थी।




## सड़क हादसों में मरने वाले के परिजनों को घर बैठे मिलेगा 5 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को बगैर अदालत के चक्कर काटे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि बतौर मुआवजा मिल सकेगी। इसमें बीमा कंपनी तीन माह के भीतर पीड़ित परिवार को घर जाकर पांच लाख का चेक देगी। इसके अलावा सरकार उच्च वर्ग पीड़ित परिवारों के लिए भी न्यूनतम मुआवजा राशि तय करेगी। इस बाबत सरकार आगामी नवंबर में अधिसूचना जारी कर सकती है। मोटर वाहन संशोधन विधेयक 2020 में थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में सड़क हादसे में मृत्यु होने पर परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। सरकार अब केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) 1989 के तहत नियम लागू करेगी। इसको लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सरकारी व निजी बीमा कंपनियों और हितधारों के साथ बैठक कर मसौदा अधिसूचना तैयार कर चुका है। अधिकारियों ने बताया कि कानून मंत्रालय से हरी झंडी मिलने के बाद नवंबर के प्रथम सप्ताह में थर्ड पार्टी इंश्योरेंस संबंधी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में मध्य वर्ग व निम्न मध्य वर्ग के 70 फीसदी पीड़ितों को 2.5 से 3 लाख रुपये मिलते हैं। इसके लिए परिवार को सालों तक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) में चक्कर काटने पड़ते हैं। अब मुआवजा राशि बगैर किसी देरी के बीमा कंपनी को तय समय में देनी होगी। हालांकि, एक बार मुआवजा लेने के बाद पीड़ित परिवार एमएसीटी के केस दाखिल नहीं कर सकेंगे। उच्च वर्ग के पीड़ित परिवारों के पास कोर्ट जाने का विकल्प मौजूद रहेगा। बस-कार ऑपरेशन कंफेडरेशन ऑफ इंडिया एवं सीएमवीआर समिति (बीमा) के अध्यक्ष गुरमीत तनेजा ने बताया कि कोरोना के कारण नए नियम लागू होने में देरी हुई है, अन्यथा यह अधिसूचना अक्तूबर में लागू होनी थी।

# कश्मीर में आतंकी घुसपैठ और हथियारों को लेकर आईएसआई ने बदली रणनीति

**नई दिल्ली।** चीन की मदद से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर में अपनी रणनीति में बदलाव किया है। आईएसएआई आतंकियों को खाली हाथ घुसपैठ करा रही है तथा ड्रोन से हथियार पहुंचा रही है। खबर है कि चीन से उसे बड़ी संख्या में ड्रोन के साथ-साथ ईएमईआई राइफलें भी मिली हैं। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कश्मीर में इसी महीने कई स्थानों पर चीन निर्मित हथियार सुरक्षाबलों के हाथ लगे हैं। ये चीन की नोरिंको कंपनी द्वारा निर्मित ईएमईआई टाइप 97 एनएसआर राइफलें हैं। 23-24 की रात को बुजम्मू से दक्षिण कश्मीर जा रहे दो लोगों से ये राइफलें पकड़ी गई हैं। इससे पहले 14 सितंबर को उत्तरी कश्मीर के गुरेज सेक्टर में नोरिंकों की



क्यूबीजेड टाइप 95 एनएसआर राइफलें जब्त की गई थी।

खुफिया सूत्रों ने बताया कि नोरिंको कंपनी की टाइप 97 एनएसआर राइफलें चीनी सेना पीएलए में सर्वाधिक इस्तेमाल की जाती हैं। इससे जाहिर है कि चीनी सेना के जरिये ही ये राइफलें आईएसआई और वहां से आतंकियों को पहुंचाई जा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि भारतीय सेना की कार्य प्रणाली का विश्लेषण करने के बाद आईएसआई ने आतंकियों को खाली हाथ भेजना शुरू कर दिया। दरअसल, खाली हाथ जब कोई व्यक्ति भारतीय एलएसी से प्रवेश करता है तो सुरक्षा बल उस पर गोली नहीं चलाते हैं। इस प्रकार उसके बच निकलने की संभावना बनती है। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों की सख्ती के कारण ही आईएसआई खाली हाथ आतंकियों की घुसपैठ करा रही है। हालांकि सुरक्षाबल ऐसे लोगों की भी व्यापक पड़ताल करते हैं, लेकिन हो सकता है कि कई लोग बिना नजर में आए प्रवेश कर गए हों। इसके बाद वह ड्रोन के जरिये हथियारों की आपूर्ति कर रही है। इधर, भारतीय सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों ने ड्रोन को लेकर भी निगरानी तेज कर दी है। खबर है कि चीन ने बड़े पैमाने पर पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने वाले ड्रोन दिए हैं।

## फेक न्यूज की समस्या को लेकर हुआ वेबिनार सबने कहा- लोग अपने विवेक का करें इस्तेमाल

**झांसी।** फेक न्यूज की समस्या से कैसे निजात पाई जा सकती है? इस पर विचार विमर्श के शुक्रवार को एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए आरओबी, पीआईबी एवं दूरदर्शन (समाचार), लखनऊ के अपर महानिदेशक आरपी सरोज ने कहा कि लोगों को विश्वसनीय स्रोतों से ही खबरें पढ़नी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के 10 सबसे अधिक कोरोना प्रभावित जिलों में 28 तारीख से मल्टीमीडिया कैंपेन का आयोजन शुरू किया जा रहा है। वेबिनार का आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के फील्ड आउटरीच ब्यूरो (झांसी) की ओर से किया गया था। वेबिनार के संयोजक एवं आरओबी, लखनऊ के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार शुक्ला ने कहा कि एक ऐसे वक्त में जहां सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और जागरूक करने का कार्य कर रही है, वहां फेक न्यूज का चलन बिल्कुल भी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया-फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर आदि पर फेक न्यूज़ का सबसे ज्यादा चलन है। उन्होंने कहा कि लोगों को वैसी खबरों को बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लेनी चाहिए, जिसमें किसी सोर्स का जिक्र ना किया गया हो। बिना सोर्स की खबरें फेक न्यूज भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपने विवेक से ही फेक न्यूज के चलन को रोक सकते हैं। वेबिनार में अतिथि वक्ता के तौर पर शामिल भास्कर इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के एचओडी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सीपी पेन्यूली ने कहा कि आज के दौर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, न्यू मीडिया में खबरों को दिखाने और बताने की गलाकाट प्रतियोगिता चल पड़ी है और इसी ने फेक न्यूज को जन्म दिया है।

# पति का धंधा मंदा हुआ तो जेठ की दुकान में लगवाई आग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जलन और ईर्ष्या का एक अनोखा मामला सामने आया है। भोपाल के कमला नगर इलाके में एक महिला ने पति का धंधा मंदा होने पर अपने जेठ की दुकान में आग लगवा दी। महिला ने क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर दो हजार की सुपारी देकर नाबालिग और उसके साथियों से अपने ही जेठ की दुकान में आग लगवा दी। कमला नगर क्षेत्र में जहीर खान की मैकेनिक की दुकान है। गुरुवार को उनकी दुकान में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी। इससे 6 वाहन खाक हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे देखे तो एक्टिवा सवार तीन युवक नजर आए। फुटेज खंगालते हुए पुलिस जहांगीराबाद तक पहुंच गई। यहां से एक नाबालिग और उसके दो साथियों जैद एवं फरहान को हिरासत में लिया। आरोपियों ने बताया कि कुम्हारपुरा निवासी शीरी बख्श अप्पी ने उन्हें दो हजार रुपए जहीर की दुकान में आग लगाने के लिए दिए थे। शीरी ने बताया कि जेठ की दुकान के कारण उसके पति जमीर बख्श की दुकान नहीं चल रही थी। इसलिए क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर जेठ की दुकान में आग लगाने का आइडिया आया था।





## कोरोना वैक्सीन आने में समय, पर वैज्ञानिकों ने बेहद कारगर एंटीबॉडी तैयार की

**बर्लिन।** वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के संक्रमण को बेअसर करने वाले बेहद कारगर एंटीबॉडी तैयार कर ली है। इससे टीका तैयार होने तक मरीजों को सुरक्षा दी जा सकेगी। यह एंटीबॉडी किसी के कोविड-19 की चपेट में आने के बाद उसके संक्रमण को निष्क्रिय करेगी। जर्मन सेंटर फॉर न्यूरोडिजेनरेटिव डिसीज और बर्लिन के शोध संस्थान चैरिट ने कोविड से उबरने वाले लोगों में मिली 600 से ज्यादा एंटीबॉडी में से यह प्रभावी एंटीबॉडी खोजी है। बाद में इसे कृत्रिम तरीके से प्रयोगशाला में तैयार किया गया। इस एंटीबॉडी ने कोरोना जैसी परजीवियों को कोशिकाओं में प्रवेश करने और अपनी संख्या बढ़ाने से रोका। इस एंटीबॉडी ने प्रतिरक्षा तंत्र की कोशिकाओं को वायरस को खत्म करने में भी मदद की, जो किसी एंटीबॉडी की प्रभावी क्षमता को दर्शाती है। शोध के लेखक जैकब क्रेये ने कहा कि संक्रमण के पहले जानवरों में यह एंटीबॉडी इंजेक्शन के जरिये डाली गई और इससे प्रभावी तरीके से कोविड-19 को रोकने में कामयाबी पाई। उनका कहना है कि कोरोना से उबर चुके लाखों की संख्या के मरीजों से निकाली गई यह एंटीबॉडी इस महामारी से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकती है। इसका औद्योगिक स्तर पर व्यापक उत्पादन भी किया जा सकता है। जर्मन शोधकर्ता मामसेन रेंसिके के मुताबिक, इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। शोधकर्ताओं के अनुसार, कोरोना की वैक्सीन बनने में देरी को देखते हुए यह कृत्रिम एंटीबॉडी मौत की संख्या को काफी निचले स्तर पर ला सकती है। इससे कोरोना एक सामान्य बीमारी बनकर रह जाएगी। यह अध्ययन जर्नल सेल में प्रकाशित हुआ। हालांकि सार्स-कोव-2 की यह एंटीबॉडी विभिन्न अंगों के ऊतकों से भी जुड़ जाती हैं, जिससे शारीरिक दुष्प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं।

## समस्याओं का तुरंत समाधान के लिए श्रीलंका के राष्पति ने अधिकारियों से कहा- मौखिक आदेश को परिपत्र मानते हुए काम करें



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए सरकारी अधिकारियों को उनके मौखिक आदेशों को परिपत्र की तरह मानकर काम करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर दंड के लिए आगाह किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया विभाग द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, राजपक्षे युवा प्रांत के हलदुम्मुला में वेलनविटा गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ चर्चा मंच को संबोधित कर रहे थे। बयान में उनके हवाले से कहा गया है, सभी मौखिक आदेशों को परिपत्र मानकर काम करें, जो इसे नजरअंदाज करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजपक्षे ने कहा, मैं आशा करता हूं कि सरकारी अधिकारी लोगों की समस्याओं को समझने का प्रयास करेंगे और समाधान निकालेंगे। मैं सही काम करने वाले और जनता की भलाई में फैसला करने वाले अधिकारियों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों को लोगों की समस्याओं का समाधान करने में लंबा समय लग जाता है। राष्ट्रपति ने कहा, अगर एक संस्थान को लिखित सवाल के जवाब में दूसरे संस्थान से 14 दिनों में जवाब नहीं मिलता है तो इसे मंजूर समझना चाहिए। राजपक्षे पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति बनने के बाद से लगातार सरकारी कार्यालयों का औचक दौरा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से काम करने को कहा है।

# चीन को दोस्त पाकिस्तान भी देगा झटका, टिकटॉक को बैन करना चाहते हैं इमरान खान

**इस्लामाबाद।** भारत और अमेरिका के बाद पाकिस्तान भी चीन को झटका देने जा रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी टिकटॉक को बैन करना चाहते हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री शिबली फराज ने द न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में यह दावा किया है। हालांकि, इमरान खान की चिंता डेटा सिक्योरिटी नहीं, बल्कि देश में फैल रही अश्लीलता है और इसकी वजह से वह टिकटॉक सहित इस तरह के अन्य ऐप को भी बैन करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, कुछ जानकारों का यह भी कहना है कि इमरान खान के लिए चाइनीज ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई करना आसान नहीं होगा।

द न्यूज से बात करते हुए शिबली फराज ने कहा, पीएम इमरान खान समाज में बढ़ती नग्नता-अश्लीलता को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने कहा है कि इससे पहले कि यह सामाजिक धार्मिक मूल्यों को खत्म कर दे, इसे रोकना जरूरी है। सूचना मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनके साथ इस मुद्दे पर एक या दो बार नहीं बल्कि 15-16 बार चर्चा की है। वह समाज में मुख्यधारा के




आउटलेट्स, सोशल मीडिया और ऐप्स के जरिए फैल रही अश्लीलता को रोकने के लिए व्यापक रणनीति चाहते हैं। हाल ही में एक गैंग रेप केस को लेकर इमरान खान ने कहा था, दुनिया का इतिहास आपको बताता है कि समाज में जब अश्लीलता बढ़ती है तो दो चीजें होती हैं- महिलाओं को खिलाफ अपराध में वृद्धि होती है और परिवार टूटते हैं। शिबली फराज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें हाल ही में कहा कि टिकटॉक जैसे ऐप्स समाज के मूल्यों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और इसलिए इन्हें बैन कर देना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम इमरान खान ने पाकिस्तान टेलिकम्युनिकेशन अथॉरिटी (पीटीए) को आदेश दिया है कि इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऐप्स को अश्लीलता से मुक्त किया जाए। पीटीए ने हाल ही में पांच डेटिंग ऐप्स को बान किया था जिन पर नग्नता और समलैंगिकता फैलाने का आरोप था।

**भारत और अमेरिका में बैन से बौखलाया चीन-** सीमा विवाद के बीच हाल ही में भारत ने टिकटॉक सहित 100 से अधिक चाइनीज ऐप्क को बैन कर दिया, जिससे चीन बैखला गया। भारत ने डेटा सुरक्षा, देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए इन ऐप्स को खतरनाक बताया था। इसके बाद अमेरिका ने भी टिकटॉक को बैन कर दिया है।

# आईपीएल में कमेंट्री पर विवादः अनुष्का की बॉलिंग पर विराट की प्रैक्टिस का जिक्र कर ट्रोल हुए गावस्कर, अनुष्का भी बोलीं- मुझे घसीटना कब बंद किया जाएगा

**आरसीबी को किंग्स इलेवन पंजाब के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा था**

दुबई ■ एजेंसी





गुरुवार रात आईपीएल मैच में कमेंट्री के दौरान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के निजी जिंदगी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसे लेकर सोशल मीडिया पर वे जमकर ट्रोल हुए।कुछ लोगों ने कहा कि गावस्कर जैसे महान बल्लेबाज से इस तरह के शब्दों और भाषा की उम्मीद नहीं की जा सकती। गावस्कर ने विराट और अनुष्का पर कमेंट रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और किंग्स इलेवन पंजाब के मैच के दौरान किया। गावस्कर की टिप्पणी पर जवाब अनुष्का शर्मा की तरफ से आया। इंस्टाग्राम अकाउंट पर अनुष्का ने अपने स्टेटस में लिखा- मिस्टर गावस्कर, आपके बयान ने मजा किरकिरा कर दिया, लेकिन मैं अपनी तरफ से कुछ कहना पसंद करूंगी। आपको इस तरह की बात कहने की जरूरत क्या थी, जिसमें पति के खराब प्रदर्शन के लिए पत्नी को जिम्मेदार ठहराया जाए। मुझे पूरा भरोसा है कि पिछले कुछ साल में आपने कमेंट्री के दौरान हर क्रिकेटर की पर्सनल और प्राईवेट लाइफ को उनको खेल से अलग रखा होगा। क्या आपको नहीं लगता कि मेरे और विराट के मामले में भी यही होना चाहिए था। अनुष्का ने आगे लिखा- मुझे लगता है कि मेरे पति के खराब प्रदर्शन को बताने के लिए आपके पास कई शब्द और वाक्य जरूर रहे होंगे। क्या इसमें मेरा नाम जोड़ना ही जरूरी था? साल 2020 चल रहा है। लेकिन, मेरे लिए चीजें नहीं बदलीं। खेल के मामले में मुझे या मेरा नाम घसीटना कब बंद किया जाएगा? कब इस तरह की घटिया बयानबाजी बंद होगी।

### यह कहा था गावस्कर ने

गावस्कर ने यह टिप्पणी आरसीबी की पारी के तीसरे ओवर में की। कहा- वो (विराट) जानते हैं कि जितनी वो प्रैक्टिस करें उसी से तो वो बेहतर बन सकते हैं। और जो लॉकडाउन था तो सिर्फ अनुष्का की बॉलिंग की प्रैक्टिस की उन्होंने। वो वीडियो देखिए। इससे तो कुछ नहीं बनना है। इस पर साथी कमेंटेटर ने साथ- अपने अपार्टमेंट में वो प्रैक्टिस कर रहे थे, इतनी भी प्राइवेसी नहीं है। साथ वाली बिल्डिंग से किसी ने उसका भी वीडियो ले लिया।

### विराट फ्लॉप रहे थे

आरसीबी के कप्तान विराट किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ सभी मोर्चों पर नाकाम रहे। फील्डिंग के दौरान उन्होंने लोकेश राहुल के दो कैच छोड़े। राहुल ने 132 रन बना दिए। बाद में आरसीबी अकेले राहुल के बराबर भी स्कोर नहीं कर सकी। विराट की बैटिंग और कप्तानी पर भी सवाल उठे। उन्होंने जोश फिलिप जैसे युवा बल्लेबाज को खुद से ऊपर से बल्लेबाजी करने भेजा। फिलिप कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद बैटिंग करने आए कोहली पांच गेंद पर सिर्फ एक रन बना पाए।

### विराट के फैन्स नाराज

गावस्कर की टिप्पणी विराट के फैन्स को नागवार गुजरी। वे इससे नाराज हो गए। सोशल मीडिया पर उन्होंने गुस्सा जाहिर किया। कुछ फैन्स ने बीसीसीआई से गावस्कर को कमेंट्री पैनल से हटाने की मांग की। एक फैन ने कहा- गावस्कर जैसे लीजेंड अगर कमेंट्री के दौरान अनुष्का और विराट के निजी जीवन पर टिप्पणी करते हैं तो यह घटिया हरकत है। एक अन्य फैन ने कहा- यह बेहद शर्मनाक है। एक खिलाड़ी के जीवन में अच्छे और बुरे दौर आते रहते हैं। विराट के लिए गुरुवार का मैच अच्छा साबित नहीं हुआ।

### आप सम्मान खो चुके हैं

विराट के फैन्स ही क्यों कुछ सामान्य क्रिकेट प्रशंसकों ने भी गावस्कर के बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया। एक यूजर ने कहा- गावस्कर साहब आप हमारी नजरों में गिर चुके हैं, सम्मान खो चुके हैं। यह बयान बयान आपकी मानसिकता का परिचय देने के लिए काफी है। एक अन्य यूजर ने कहा- गावस्कर को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## न्यूज. ब्रीफ

### कुरुमी नारा से सीधे सेटों में हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हुई अंकिता रैना

**पेरिस।** भारत की अंकिता रैना दूसरे दौर में जापान की कुरुमी नारा के खिलाफ सीधे सेटों में हार के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट क्वालीफायर से बाहर हो गई हैं। भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता को दूसरे दौर के मुकाबले में एक घंटे और 21 मिनट में 3-6 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अंकिता ने मैच के बाद कहा मुकाबला बुरा नहीं था। मुझे अपनी सर्विस पर मौके मिले लेकिन आज उसने काफी अच्छा रिटर्न किया। अगर मैं उन गेम को जीतने में सफल रहती जो स्थिति अलग हो सकती थी। साथ ही आज काफी हवा भी चल रही थी। अंकिता की हार का मतलब है कि कोई भी भारतीय एकल खिलाड़ी क्ले कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ में हिस्सा नहीं लेगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफायर में सुमित नागल, रामकुमार रामनाथन और प्रजनेश गुणेश्वरन को हार का सामना करना पड़ा था। रोहन बोपन्ना और दिविज शरण अपने अपने साथियों के साथ पुरुष युगल स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

### बासीलीना से ट्रांसफर होने के बाद एटलेटिको मैड्रिड पहुंचे सुआरेज

**मैड्रिड।** बासीलीना ने कहा कि उसने एटलेटिको मैड्रिड से उरूग्वे के स्ट्राइकर लुईस सुआरेज को ह्यट्रांसफर' करने का करार किया है जो 60 लाख यूरो (70 लाख डालर) राशि का है। सुआरेज ने बासीलीना के साथ छह सफल सत्र खेले जिसमें उन्होंने 13 खिताब जीते। वह लियोनल मेस्सी (634) और सीजर रोड्रिगेज (232) के बाद बासीलीना के तीसरे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 198 गोल दागे हैं। बासीलीना के नये कोच रोनल्ड कोएमैन ने कहा था कि सुआरेज की उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं तो 33 साल के खिलाड़ी को नए क्लब से करार करना था। क्लब ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। क्लब ने कहा कि गुरूवार को सुआरेज एक कांफ्रेंस भी करेंगे।

### मौत के बाद वायरल हुआ क्रिकेटर डीन जोंस का वीडियो

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और आईपीएल 2020 में कमेंट्री करने वाले डीन जोंस की 59 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। मौत के बाद उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह स्टेडियम की सफाई करते नजर आ रहे हैं। ट्विटर पर वायरल हो रहा यह वीडियो पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) मैच के दौरान का है। मैच खत्म होने के बाद सभी लोग वापस चले जाते हैं, लेकिन इस दौरान जोंस स्टेडियम के स्टाफ के साथ मिल कर सफाई करते हैं। इस वीडियो को 10 हजार से ज्यादा लोगों ने देखा है और कई लोगों ने लाइक और रिट्वीट किया है। उल्लेखनीय है कि जोन्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट और 164 वनडे मैच खेलें हैं जिसमें उन्होंने क्रमशः 3631 और 6068 रन बनाए हैं। जोन्स के नाम टैस्ट में 11 शतक हैं जबकि वनडे में उनके नाम 7 शतक शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड सरकार ने पाकिस्तान-विंडीज सीरीज आयोजित कराने की मंजूरी दी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने देश में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज आयोजित कराने को मंजूरी दे दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। न्यूजीलैंड दुनिया के उन चुनिंदा देशों में है जहां कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या कम है। न्यूजीलैंड पाकिस्तान तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ इस साल के अंत में और अगले साल की शुरूआत में सीरीज खेलेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान जारी कर कहा, ह्यहमें ग्रीष्मकालीन सत्र में अंतरराष्ट्रीय सीरीज आयोजित कराने के लिए सरकार की मंजूरी मिल गयी है। यह सीरीज वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के साथ इस साल नवंबर, दिसंबर और अगले साल जनवरी में आयोजित होगी। अगले सप्ताह इन सीरीजों के कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।' न्यूजीलैंड क्रिकेट को बंगलादेश के साथ सीमित ओवरों की सीरीज और फरवरी में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की मेजबानी की भी उम्मीद है।

### बेंटर ब्लिट्ज शतरंज झअरोनियन और वेसली सो सेमी फाइनल मे

**मॉस्को।** बेंटर ब्लिट्ज कप के पहले क्वाटर फाइनल में रूस के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व विश्व ब्लिट्ज चैम्पियन अलेक्जेंडर ग्रीसचुक को हार का सामना करना पड़ा है ,अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन नें उन्हे 5.5-3.5 के अंतर से पराजित करते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया है । जबकि दूसरे क्वाटर फाइनल में फ्रांस के मेक्सिम लागरेव को मात देकर अमेरिका के वेसली सो सेमी फाइनल पहुँच गए है ।अरोनियन और ग्रीसचुक के बीच कुल 9 मुकाबले खेले गए जिसमें अरोनियन नें पहले ही दो मैच जीतकर 2-0 से बढ़त हासिल कर ली लेकिन ग्रीसचुक नें इसके बाद लगातार दो मैच जीतकर शानदार वापसी करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया ।दोनों के बीच इसके बाद पांचवा मुकाबला ड्रॉ रहा और स्कोर 2.5-2.5 हो गया ।छठा मुकाबला जीतकर ग्रीसचुक नें 3.5-2.5 से बढ़त हासिल कर ली और लगा की वह सेमी फाइनल पहुँच जाएँगे पर इसके बाद अरोनियन नें पलटवार करते हुए लगातार 3 मैच जीतकर सेमी फाइनल मे जगह बना ली । वही दूसरे क्वाटर फाइनल में वेसली सो और मेक्सिम के बीच कुल 10 मुकाबले हुए जिसमें सबसे पहले चार मुकाबले ड्रॉ रहे ।इसके बाद बेहद ही रोचक अंदाज में फ्रांस के मेक्सिम लागरेव नें अगले दो मैच जीतकर 4-2 से बढ़त बना ली पर इसके बाद वेसली सो नें ना सिर्फ स्कोर बराबर किया बल्कि लगातार चार मुकाबले जीतकर 6-4 के स्कोर से सेमी फाइनल में जगह बना ली ।

**आईपीएल 2020: सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाईट राइडर्स के बीच मैच आज**

# हैदराबाद के खिलाफ मैच में जीत का खाता खोलना चाहेंगे केकेआर के कप्तान कार्तिक

अबू धाबी ■ एजेंसी

केकेआर की टीम ने पिछले सत्र की तुलना में कई बदलाव किये लेकिन बुधवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उनकी योजना को देखकर लगा कि कार्तिक ने पिछली गल्तियों से सबक नहीं लिया है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच 49 रन से गंवाने के बाद एक बार फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाज आंद्रे रसेल की बल्लीबाजी क्रम को लेकर सवाल उठे।

अबुधाबी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान दिनेश कार्तिक की योजनाओं की आलोचना हुई जो शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में टीम के जीत का खाता खोलना चाहेंगे। केकेआर की टीम ने पिछले सत्र की तुलना में कई बदलाव किये लेकिन बुधवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उनकी योजना को देखकर लगा कि कार्तिक ने पिछली गल्तियों से सबक नहीं लिया है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच 49 रन से गंवाने के बाद एक बार फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाज आंद्रे रसेल की बल्लीबाजी क्रम को लेकर सवाल उठे। पिछले सत्र में 249 गेंदों में लगभग 205 के स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 510 रन बनाने वाला जमैका का यह बल्लेबाज छठे क्रम पर बल्लेबाजी के लिये उतरा, जब टीम की मुश्किलें काफी बढ़ गयी थी। विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन भी ज्यादा कुछ नहीं कर सकें क्योंकि जब वह बल्लेबाजी के लिये आये तो टीम को 13 रन प्रतिओवर के हिसाब से रन जुटाने थे।

गेंदबाजी में भी स्पिनर सुनील नरायण को देर से गेंदबाजी करने की कार्तिक के फैसले की आलोचना हो रही है। नारायण जब गेंदबाजी के लिए आये तब तक रोहित शर्मा ने लय हासिल कर ली थी। आक्रामक क्रिकेट के लिए जाने जाने वाले कोच ब्रेंडन मैकुलम का टीम से रक्षात्मक खेल देखना उम्मीदों के मुताबिक नहीं था। सनराइजर्स हैदराबाद की स्थिति




भी पहले मैच में अच्छी नहीं रही। रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के खिलाफ टीम का मध्यक्रम बुरी तरह बिखर गया। आखिरी पांच ओवर में टीम को जीत के लिए 43 रन चाहिये थे लेकिन वे सिर्फ 32 रन ही जुटा सकें और इस दौरान सात विकेट गंवा कर 10 रन से मैच हार गये। टीम के लिए एक और बुरी खबर यह रही कि हरफनमौला मिशेल मार्श चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गये। पिछले मैच में रन आउट होने वाले कप्तान डेविड वार्नर इस बार बल्ले से खुद को साबित करना चाहेंगे तो वही यह देखना दिलचस्प होगा कि केन विलियमसन चोट से उबर कर वापसी करते है या नहीं। उनके आने से टीम का मध्यक्रम मजबूत होगा।

सनराइजर्स की गेंदबाजी हमेशा प्रभावशाली रही है और ऐसा लगता है कि इस मुकाबले में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को मौका मिल सकता है जो हमवतन राशिद खान के साथ स्पिन गेंदबाजी का भार संभालेंगे। भुवनेश्वर कुमार तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे।

### टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** दिनेश कार्तिक (कप्तान) , इयोन मोर्गन, नीतिश राणा, राहुल त्रिपाठी, रिंकू सिंह, शुभमन गिल, सिद्धेश लाड, अली खान, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्युसन, पैट कमिंस, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम मावी, वरूण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल , क्रिस ग्रीन, एम सिद्धार्थ, सुनील नारायण, निखिल नाईक, टॉम बैंटोन।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** डेविड वार्नर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टॉ, केन विलियमसन, मनीष पांडे, श्रीवत्स गोस्वामी, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, रिधिमान साहा, अब्दुल समद, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, अभिषेक शर्मा, बी संदीप, संजय यादव, फेबियन एलेन, भुवनेश्वर कुमार, खलील अहमद, संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, सिद्धार्थ कौल, बिली स्टानलेक, टी नटराजन, बासिल थम्पी।

### मिशेल चोट के कारण बाहर

टीम के लिए एक और बुरी खबर यह रही कि हरफनमौला मिशेल मार्श चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए। पिछले मैच में रन आउट होने वाले कप्तान डेविड वार्नर इस बार बल्ले से खुद को साबित करना चाहेंगे तो वही यह देखना दिलचस्प होगा कि केन विलियमसन चोट से उबर कर वापसी करते है या नहीं। उनके आने से टीम का मध्यक्रम मजबूत होगा। सनराइजर्स की गेंदबाजी हमेशा प्रभावशाली रही है और ऐसा लगता है कि इस मुकाबले में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को मौका मिल सकता है जो हमवतन राशिद खान के साथ स्पिन गेंदबाजी का भार संभालेंगे। भुवनेश्वर कुमार तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे।



## धोनी का बचाव करते हुए फ्लेमिंग बोले- आईपीएल आगे बढ़ने के साथ ही उनका प्रदर्शन भी बेहतर होगा

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल स्पर्धा में चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आलोचनाओं से घिरे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बचाव करते हुए कहा कि लंबे ब्रेक के बाद बेहतरीन फार्म लाने में थोड़ा समय लगेगा और जैसे आईपीएल आगे बढ़ेगा, वह भी बेहतर और बेहतर होते जाएंगे। चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के लिये 217 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। धोनी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे और तब उन्हें 38 गेंद में 103 रन की जरूरत थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने 17 गेंद में नाबाद 29 रन बनाए लेकिन टीम 16 रन से हार गई। फ्लेमिंग ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, ह्यधोनी एक ऐसा खिलाड़ी है जिसने पिछले एक डेढ़ साल में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है। हर कोई धोनी से उम्मीद करता है कि वह पहले की तरह आते ही वही करना शुरू कर दे जो वह करता था। ऐसा नहीं होता, इसमें थोड़ा समय लगता है।'

उन्होंने कहा, ह्यइस प्रक्रिया में उसका ह्यगेम टाइम' जरूरी है और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहली बार था जब उसने क्रीज पर बल्लेबाजी की क्योंकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ उसने कुछेक गेंद खेली थी।' पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने के लिए धोनी की आलोचना की थी और कहा था कि वह आगे आकर अगुआई नहीं कर रहे थे। फ्लेमिंग ने कहा, ह्यजैसे टूनार्मेंट आगे बढ़ेगा, वह बेहतर से बेहतर होता जायेगा। आते ही उससे 30 गेंद में 70 रन की उम्मीद करना मुश्किल चीज होगी और हमारे पास अन्य खिलाड़ी भी हैं जो अच्छी फार्म में हैं और अच्छा काम कर सकते हैं।' अम्बाती रायुडू ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में 71 रन की पारी खेली थी लेकिन वह चोट के कारण राजस्थान के खिलाफ मैच नहीं खेल पाये थे। फ्लेमिंग ने कहा, ह्यरायुडू फार्म में है और राजस्थान के खिलाफ उसका नहीं खेल पाना निराशाजनक था। उम्मीद है कि ऐसा दो मैचों में ही होगा। हमें दो अक्टूबर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसके लौटने की उम्मीद है।'



बीजिंग की दू सियू दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत में चीनी राष्ट्रीय आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में महिला टीम के ऑल-राउंड फाइनल के दौरान प्रर्दशन करते हुए।

## अपने प्लान्स पर नए सिरे से काम कर रही कंपनी भारत में हार्ले डेविडसन ने बंद किए ऑपरेशंस

नई दिल्ली ■ एजेंसी



भारत में हार्ले डेविडसन कंपनी ने अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस बंद कर दिए हैं। प्रीमियम बाइक बनाने वाली कंपनी अब अपने प्लान्स पर नए सिरे से काम कर रही है। इसे कंपनी ने 'द रिवायर' स्ट्रेटिजी नाम दिया है और आज अपने कर्मचारियों को एक बार फिर से नया ढांचा तैयार करने में आने वाले कॉस्ट की जानकारी दी। कंपनी के मुताबिक साल 2020 में कंपनी की रिस्ट्रक्चरिंग कॉस्ट 75 मिलियन डॉलर रखी गई है और इसमें भारत में कंपनी के ऑपरेशंस बंद करना भी शामिल है। कंपनी के प्रेजिडेंट जोचेन झैथ ने बताया कि इस साल कंपनी अपनी द रिवायर स्ट्रटिजी पर कुल 169 मिलियन डॉलर खर्च करेगी। अगस्त से शुरू हुआ कंपनी का रिस्ट्रक्चर सेटअप अगले 12 महीनों में पूरा होने की उम्मीद की जा रही है। इस नीति की तहत कंपनी ने भारत में सेल और मैन्युफैक्चरिंग दोनों ऑपरेशंस ही बंद कर रही है। यानी कि ना तो बाइक्स तैयार की जाएंगी और ना ही इनकी सेल इस दौरान होगी।

बीते कुछ समय से कंपनी पर बाइक्स की सेल बढ़ाने का काफी दबाव रहा है। भारत समेत दुनिया के कई बाजारों में कंपनी की सेल बीते कुछ समय में काफी कम हुई है।जोचेन झैथ ने हाल ही में कंपनी की पूर्व प्रेजिडेंट माट लेवटीच को रिप्लेस किया था। अब कंपनी नई नीति की तहत दुनिया भर में अपनी बाइक्स की सेल को बूस्ट करेगी। हालांकि भारत में प्रीमियम बाइक्स सेगमेंट में हार्ले डेविडसन अभी भी लीड कर रही है। इस प्रतिष्ठित अमेरिकन कंपनी ने भारत में 2009 में अपने ऑपरेशंस शुरू किए थे। साल 2010 में हार्ले डीलरशिप पर कंपनी की पहली बाइक आई। कंपनी के मेड इन इंडिया स्ट्रीट 750 मॉडल्स भारत में काफी फेमस हैं। पिछले आर्थिक वर्ष में कंपनी ने 2500 से भी कम यूनिट भारत में सेल की थी। अप्रैल से जून 2020 में भारत में कंपनी करीब 100 बाइक्स ही सेल हुईं। यह कंपनी की सबसे खराब इंटरनेशनल परफॉर्मेंस में से एक है।

### सिएट ने आमिर खान को बनाया ब्रांड एम्बैसडर

**मुंबई।** आरपीजी समूह की कंपनी सिएट टायर्स ने बॉलीवुड कलाकार आमिर खान को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। खान विभिन्न मीडिया मंचों पर कंपनी के प्रचार अभियान का हिस्सा बनेंगे। कंपनी ने कहा कि आमिर खान भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे अधिक प्रतिभाशाली अभिनेताओं में है। कंपनी ने उन्हें दो साल के लिए अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। एकीकृत मार्केटिंग अभियान के तहत खान दुबई में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान दो विज्ञापनों में दिखाई देंगे। पहले विज्ञापन का प्रसारण शनिवार से शुरू होगा। यह विज्ञापन सिएट के सिक्योराड्राइव रेंज के प्रीमियम कार टायरों के बारे में है। सिएट सिक्योराड्राइव टायरों का इस्तेमाल विभिन्न प्रीमियम सेडान और कॉम्पैक्ट एसयूवी मसलन होंडा सिटी, स्कोडा ऑक्टाविया, टोयोटा कोरोला, हुंदै क्रेटा, मारुति सुजुकी विटारा ब्रेजा और अन्य कारों में होता है।

## केंद्र ने फेम चरण-दो के तहत 670 ई-बसों, 241 चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

मोदी सरकार ने फेम इंडिया योजना चरण-दो के तहत महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ के लिए 670 इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी दी है।साथ ही योजना के तहत मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात और पोर्ट ब्लेयर के लिए कुल 241 चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यह फैसला केंद्र की पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता को कम करने और वाहन से उत्सर्जन के मुद्दे को हल करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के पर्यावरणनुकूल सार्वजनिक परिवहन के दृष्टिकोण के भी अनुरूप है। जावड़ेकर ने कहा, ह्यह्ययह एक अच्छी शुरूआत है। शहरों में ई-बसों, ई-रिक्शा, ई-स्कूटी तथा ई-कारों से पर्यावरणनुकूल परिवहन को आगे बढ़ाया जा सकता है।मंत्री ने ट्वीट कर बताया कि कोल्लम के लिए 25 चार्जिंग स्टेशनों, तिरुवनंतपुरम के लिए 27, मलप्पुरम (सभी केरल) के लिए 28 चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी गई है। पोर्ट ब्लेयर के लिए 10 और तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के लिए 25 चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी गई है। जावड़ेकर ने कहा कि बिजलीचालित वाहनों को प्रोत्साहन के लिए चार्जिंग स्टेशन सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा है। उन्होंने कहा, पहले ही विभिन्न शहरों में 450 बसें दौड़ रही हैं। अब 670 ई-बसों को मंजूरी दी गई है। महाराष्ट्र के लिए 240, गुजरात के लिए 250, गोवा के लिए 100 और चंडीगढ़ के लिए 80 ई-बसों को मंजूरी दी गई है। केरल और अन्य राज्यों के लिए भी ई-चार्जिंग स्टेशन मंजूर किए गए हैं।



# नई लोहामंडी बनने के मार्ग में आ रही बाधा जल्द दूर होगी





**ग्वालियर।** लोहा व्यवसाइयों एवं शहरवासियों के लिये खुशखबरी है। चिरवाई में नई लोहामंडी की स्थापना में आ रही बाधा जल्द दूर होगी। केन्द्रीय कृषि, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस दिशा में पहल की है। उन्होंने आज बाल भवन से लोहा व्यवसायी संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राज्य शासन के मुख्य सचिव से फोन पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर द्वारा इस समस्या के समाधान के संबंध में पुख्ता आश्वासन मिलने के बाद लोहा व्यवसायी संघ ने अपना धरना आंदोलन भी समाप्त कर दिया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, जिला कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, अपर कलेक्टर श्री किशोर कान्याल व अनुविभागीय राजस्व अधिकारी लश्कर श्री विनोद भार्गव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने मुख्य सचिव से कहा नई लोहामंडी की स्थापना ग्वालियर शहर की जरूरत है। नई लोहामंडी बनने से शहर से यातायात का दबाब

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने लोहा व्यवसायी संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की मुख्य सचिव से चर्चा, खुश होकर लोहा व्यवसायी संघ ने किया धरना आंदोलन समाप्त

कम होगा। साथ ही लोहा व्यवसाय को भी गति मिलेगी। इसलिये शासन स्तर से जल्द से जल्द इस समस्या का निदान कराएँ। मुख्य सचिव ने केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर से हुई चर्चा के बाद संभाग आयुक्त को निर्देश दिए कि नवीन लोहामंडी की समस्या के समाधान के संबंध में नया प्रस्ताव तैयार कर सोमवार तक भोपाल भिजवा दें, जिससे शासन स्तर से इस समस्या का निदान कराया जा सके। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने शनिवार को यहाँ बाल भवन में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर से कहा कि लोहा कारोबारियों की जायज माँग के आधार पर नया प्रस्ताव तैयार कर जल्द से जल्द भोपाल भिजवाएँ। उन्होंने कहा नई लोहामंडी से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दिलाने के लिये वे मुख्यमंत्री से भी चर्चा करेंगे। ज्ञात हो ग्वालियर तहसील के चिरवाई ग्राम में नई लोहामण्डी के लिये राजस्व विभाग द्वारा लगभग 6.301 हैक्टेयर असिंचित जमीन ग्वालियर विकास प्राधिकरण को आवंटित की गई थी। लोहा कारोबारियों द्वारा ग्वालियर विकास प्राधिकरण के माध्यम से इस जमीन की प्रीमियम (प्रब्याजी) एवं भू-भाटक के रूप में लगभग एक करोड़ 69 लाख 34 हजार रूपए की राशि सरकारी खजाने में जमा कराई जा चुकी है। कतिपय न्यायालयीन प्रकरण रहने के कारण भूमि की स्थायी लीज नहीं हो सकी और ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा यह जमीन राजस्व विभाग को लौटा दी गई। राज्य शासन के राजस्व विभाग द्वारा चिरवाई में विवाद रहित 3.218 हैक्टेयर जमीन का आवंटन लोहा व्यवसायी संघ को वर्ष 2007-08 की गाइडलाइन के आधार पर संगणित बाजार मूल्य के आधार पर किया गया। जो लगभग 8 करोड़ 82 लाख 13 हजार रूपए बनती है। मगर लोहा व्यवसायी पूर्व में निर्धारित प्रीमियम के आधार पर जमीन का आवंटन चाहते हैं।

# ग्वालियर हाईकोर्ट की लोक अदालत ने पीड़ित पक्षकारों को दिलाया

**ग्वालियर।** वर्तमान में कोविड-19 महामारी का प्रकोप होने के कारण नेशनल लोक अदालत का आयोजन नहीं हो पा रहा है। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक महोदय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन लोक अदालत का आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त अनुक्रम में 26 सितम्बर 2020 शनिवार को माननीय उच्च् न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु माननीय न्यायाधिपति श्री एस ए धर्माधिकारी एवं श्री एन के गुप्ता सीनियर एडवोकेट की खण्डपीठ के द्वारा आपसी सहमति के आधार पर 61 प्रकरणों का निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना क्लेम अपील प्रकरणों में पीड़ित पक्षकारों को 43 लाख 29 हजार रूपए की राशि अतिरिक्त क्षतिधन के रूप में प्राप्त हुई। एक प्रकरण जिसमें मोनू सिंह, कुलदीप भदौरिया, सचिन उर्फ भटा श्रीवास एवं ईशू उर्फ अभिषेक भदौरिया 19 नवम्बर 2016 ऑटो क्रमांक एमपी-30 आर-0758 में बैठकर बायपास रोड लहार चुंगी भिण्ड की तरफ जा रहे थे। जैसे ही भारोली बायपास रोड़ पर पहुँचे तभी सामने की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी-75 एम-9060 का चालक तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया और ऑटो मे टक्कर मार दी, जिससे चारों को गंभीर चोटें आई और घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मोटर दावा अधिकरण ग्वालियर द्वारा मृतक के वारिसान को दिलाए गए क्षतिधन में हाईकोर्ट की लोक अदालत द्वारा 2 लाख रूपए की राशि की वृद्धि की गई।

**43 लाख 29 हजार रूपए का क्षतिधन**

# गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में 30 प्रतिशत छूट के साथ हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट प्रदर्शनी 29 से

### मृगनयनी एम्पोरियम एवं तानसेन रेसीडेंसी में लगेगी प्रदर्शनी

**ग्वालियर।** गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में विशेष छूट के साथ मृगनयनी एम्पोरियम सराफा बाजार एवं गाँधी रोड़ स्थित तानसेन रेसीडेंसी में हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट सामग्री की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। यह प्रदर्शनी 29 सितम्बर से शुरू होकर गाँधी जयंती 2 अक्टूबर तक लगी रहेगी। प्रदर्शनी में खासतौर पर मध्यप्रदेश के शिल्पियों एवं बुनकरों द्वारा बनाए गए हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट सामग्री 30 प्रतिशत छूट के साथ खरीदे जा सकेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस विक्रय सह प्रदर्शनी में महेश्वर के अंग वस्त्र, भैरोगढ़, उज्जैन, इंदौर, नीमच, खण्डवा एवं ब्लॉक प्रिंटेट सामग्री खासतौर पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही 1930 के दशक की रेशम किनार, चंदेरी मसलन कॉटन साड़ियां, देवी अहिल्याबाई होल्कर नगरी की साड़ियाँ, मध्यप्रदेश का बाग प्रिंट जिसे 12 जड़ी बूटियों से बनाया जाता है। पंचधातु बेलमेटल की मूर्तियाँ एवं शिफॉन, मलबरी, क्रेप, कोसा व इंडिगो प्रिंट की साड़ियाँ और मटेरियल भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केन्द्र होंगे।

# जिले के शस्त्र लाइसेंस निलंबित, एक हफ्ते में जमा करना पड़ेगा बंदूक

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं. इसको लेकर ग्वालियर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं. आदेश के मुताबिक जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारियों को एक सप्ताह के अंदर संबंधित थानों में शस्त्र जमा कराने होंगे. नियमों का पालन हो सके, इसलिए संबंधित अधिकारियों को भी आदेश जारी कर दिया गया है. वहीं, शस्त्र जमा नहीं करने वालों का लाइसेंस हमेशा के लिए निलंबित कर दिया जाएगा. आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में 28 सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव होने हैं. इनमें ग्वालियर जिले के तीन विधानसभा सीटों डबरा, ग्वालियर और ग्वालियर पूर्व में भी उपचुनाव होना है. इसलिए कलेक्टर की तरफ से सुरक्षा को देखते हुए यह आदेश दिया गया है. दरअसल चुनाव प्रचार, रैलियों और नामांकन के दौरान समर्थकों के बीच आपस में विवाद होने की आंशका रहती है. ऐसी स्थिति में शस्त्रों के दुरूपयोग की भी संभावना बनी रहती है. इसलिए शस्त्र लाइसेंस जमा कराए जाते हैं. आदेश के मुताबिक जो लोग शस्त्र लेकर ड्यूटी करते हैं या फिर किसी की सुरक्षा में तैनात हैं, ऐसे लोगों को शस्त्र लाइसेंस में छूट के लिए कलेक्टर से परमिशन लेना होगा. अगर कोई भी व्यक्ति बिना परमिशन के अपने पास शस्त्र रखता है तो उसका शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा. साथ ही उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी.

# वन नेशन वन राशन कार्ड के लिए शेष हितग्राही 15 अक्टूबर तक

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत हर हितग्राही के लिए वन नेशन वन राशन कार्ड की व्यवस्था लागू की गई है। इसलिये उनके डाटाबेस के साथ आधार नम्बर दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। ग्वालियर जिले के जिन हितग्राहियों ने अभी तक अपने आधार नम्बर डाटाबेस में दर्ज नहीं कराए हैं, वे आगामी 15 अक्टूबर तक अपनी ग्राम पंचायत, नगर निगम के जोन या वार्ड कार्यालय में जाकर यह काम अवश्य करा लें। जिला आपूर्ति नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कुल 8 लाख 63 हजार 399 हितग्राहियों में से 7 लाख 9 हजार 767 हितग्राहियों के डेटाबेस में आधार नम्बर दर्ज किए जा चुके हैं। इस प्रकार वर्तमान में शेष रहे एक लाख 53 हजार 632 शेष हितग्राहियों के डेटाबेस में आधार नम्बर दर्ज करने का कार्य किया जा रहा है।

**अपना आधार नम्बर डाटाबेस में दर्ज कराएँ**

# किसान कल्याण निधि और उद्यानिकी फसल बीमा की राशि किसानों को वितरित





### कृषि मंत्री ने ग्वालियर में किसानों को प्रदान किए चैक, मुख्यमंत्री ने किसानों से किया सीधा संवाद

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान कल्याण निधि और उद्यानिकी फसल बीमा राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खाते में राशि प्रदान की। भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री सिंह ने किसानों से सीधे संवाद भी किया। ग्वालियर में प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने किसानों को प्रोत्साहन राशि के चैक भी वितरित किए।

ग्वालियर के कलेकट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में कृषि मंत्री श्री कमल पटेल के साथ संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, एडीएम श्री किशोर कान्याल, उप संचालक कृषि श्री आनंद बड़ोनिया सहित विभागीय अधिकारी और लाभान्वित होने वाले कृषकगण उपस्थित थे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने किसानों को किसान कल्याण निधि के 2 - 2 हजार रूपए की राशि के चैक प्रदान करते हुए कहा कि किसानों को राहत और सहयोग के साथ-साथ प्रोत्साहन करने का कार्य मध्यप्रदेश सरकार निरंतर करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में एक लाख 72 हजार किसानों को फसल बीमा और एक लाख 75 हजार किसानों को कल्याण निधि राशि मुख्यमंत्री द्वारा उनके खातों में प्रदान की गई है। किसान भाईयों की आर्थिक मजबूती के लिये मध्यप्रदेश सरकार मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में जिन किसान भाईयों को राशि प्रदान की गई। उनमें सर्वश्री उमराव सिंह पुत्र बनवारी सिंह तहसील सिटी सेंटर, विनोद पुत्र बदन सिंह गुर्जर, श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र अवतार सिंह, धनीराम पुत्र जल्लाराम प्रजापति के साथ ही डबरा तहसील के श्री लायकराम पुत्र निरपत कुशवाह और श्री भारत सिंह पुत्र श्री पन्नालाल कुशवाह शामिल हैं।

# सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. सिकरवार ने नाकाचन्द्रवदनी क्षेत्र में किया जनसम्पर्क

### डॉ.सिकरवार का जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा कर स्वागत



**ग्वालियर।** कॉग्रेस के वरिश्ठ नेता एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के नाकाचन्द्रवदनी क्षेत्र में आज सुबह सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया। नाकाचन्द्रवदनी क्षेत्र में जनता द्वारा जगह-जगह डॉ. सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया। सैकड़ो कार्यकर्ताओं की भीड द्वारा कॉग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे थे। आज सुबह करीब 8 बजे सैकड़ो कॉग्रेस कार्यकर्ता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में नाकाचन्द्रवदनी तिराहा पर एकत्रित हुये और वहां से डॉ. सिकरवार के साथ पुरूवियों मौहल्ला, गली नं.1, गली नं.2, गली नं.3, गली नं.4 से मुडिया पहाड षंकर चौक होते हुये नाकाचन्द्रवदनी क्षेत्र की विभिन्न गलियों एवं मौहल्लों में जनसम्पर्क किया।

# ग्वालियर पुलिस की तत्परता एवं ऑटो चालक की ईमानदारी से फरियादी का रूपयों से भरा बेग मिला वापस



**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी द्वारा रेल्वे स्टेशन से गुम हुए नगदी से भरे बेग को वापस लौटाने वाले ऑटो चालक एवं फुटेज के जरिये ऑटो का पता लगाने वाली पुलिस टीम को अपने कार्यालय बुलाकर उनको सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा ऑटो चालक को अपनी ईमानदारी का परिचय देने के लिये ष्प्रशंसा पत्रष्से एवं फुटेज के जरिये ऑटो का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम प्रभारी निरी0 श्री अजय श्रीवास्तव आरक्षक राम किशोर यादवए आशीष अटल एवं थाना पड़ाव के आरक्षक अमर भूषण सिंह राजावत को नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि फरियादी सौरभ जैन निवासी दाल बाजारए लश्कर ग्वालियर ने थाना पड़ाव में सूचना दी कि वह निजी कार्य से दाल बाजार से ऑटो लेकर रेल्वे स्टेशन गये थे भूलवश वह अपना बेग ऑटो मे ही छोड़कर स्टेशन पर चले गयेए बेग के संबंध मे याद आने पर जब वापस आकर ऑटो की छानबीन की तो ऑटो स्टेशन पर नहीं मिला। जिस पर से थाना पड़ाव पुलिस द्वारा आरक्षक अमर भूषण सिंह राजावत को फरियादी के साथ ग्वालियर पुलिस के सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम फुटेज देखने हेतु भेजा गया। फरियादी से सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम प्रभारी निरी0 श्री अजय श्रीवास्तव द्वारा बेग व ऑटो के संबंध मे जानकारी लेने पर फरियादी ने बताया कि उस बैग मे नगदी 01 लाख 20 हजार रूपये एवं उनके 02 मोबाइल रखे हुऐ थे। जिस पर से प्रभारी सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम द्वारा ड्यूटी पर तैनात आरक्षक राम किशोर यादव एवं आशीष अटल को दाल बाजार से रेल्वे स्टेशन तक के सभी सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को रूट मैप बनाकर चैक करें तथा देखें कि ऑटो की मूवमेंट कहां तक हूई है। फुटेज चैक करने पर दाल बाजार तिराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे मे फरियादी द्वारा बताया गया ऑटो दिखाई दिया। जिसका नंबर एमपी07.आरए.5884 था। ऑटो चालक के संबंध मे जानकारी निकालने पर पाया कि उक्त ऑटो ब्रिजेन्द्र सिंह जाट पुत्र श्री हेमसिंह जाट निवासी कृष्णा कॉलोनीए गुढ़ा थाना माधौगंज जिला ग्वालियर का है।

# राजनीति जो न कराए: जिनसे हारे थे चुनाव, अब उनके साथ कर रहे प्रचार



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस बीजेपी में चल रही बगावत को मुद्दा बना रही थी. लेकिन बीजेपी में चुनाव से पहले मनमुटाव खत्म होता नजर आ रहा है. बीजेपी से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को रफ्तार दी. चुनाव प्रचार अभियान में उतरे पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने बीजेपी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया. आपको बता दें कि 2018 के चुनाव में प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ही जय भान सिंह पवैया को शिकस्त दी थी. बीजेपी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रचार में उतरे पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस उपचुनाव में जीत का सपना देख रही है. मतगणना वाले दिन ईवीएम खुलते ही उनका सपना चकनाचूर हो जाएगा. गौरतलब है कि भाजपा के सदस्यता अभियान के बीच पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने एक ट्वीट किया था, जिससे वह एक बार फिर संगठन में चर्चा के केंद्र हैं. इन चर्चाओं के बीच सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया ने जयभान सिंह से मुलाकात की. पवैया ने कहा कि अरविंद भदौरिया उनके पुराने मित्र हैं. जब दो राजनीतिक लोग बैठकर चर्चा करते हैं तो चर्चा का केंद्र भी राजनीति होती है. उपचुनाव को लेकर उनसे चर्चा हुई है. वे भिंड की 2 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में पूरी ताकत लगा रहे हैं। हम लोग ग्वालियर में होने वाले चुनाव की तैयारियां कर रहे हैं.


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm. (Min. size 5×9)

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज 12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क: बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



P TV NEWS INDIA — प्रतिभा हम निखारेंगे — PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478